# पीएम मोदी के पंच प्रण ही विकसित भारत की आधारशिला: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के प्रतिभागियों से संवाद किया। कार्यक्रम 25 सितम्बर से शुरू हुआ और पहली अक्टूबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि आप सब देश की एकता और अखंडता के लिए अपने को तैयार करेंगे।

साथ ही उन्होंने मेहमान युवाओं को शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विकसित भारत की आधारशिला बनेंगे। इस अवसर पर खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम को हएक भारत श्रेष्ठ भारत अभियानह का महत्वपूर्ण अंग बताया और कहा कि यह पहल न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच है, बल्कि देश की एकता,



अखंडता और विविधता में निहित एकता की भावना को सशक्त करने का अवसर भी प्रदान करती है। सीएम ने युवाओं से कहा कि पूरे भारत की भाव-भंगिमा एक है। 'माता भूमि: पुत्रो*हं पृथिव्या:' का भाव हर भारतवासी के मन में दिखाई देता है। उन्होंने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और संविधान अमृत महोत्सव वर्ष का स्मरण कराते हुए कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों के सामने विकसित भारत का बड़ा विजन रखा है। भारत तभी विकसित होगा जब हर नागरिक के मन में विकास का संकल्प होगा और उसे अपने जीवन का मंत्र बनाएगा। उन्होंने कहा कि देश के सभी क्षेत्रों के विकास के साथ ही भारत पूरी तरह विकसित होगा। योगी आदित्यनाथ ने पंच प्रण का विस्तृत वर्णन किया। पहला महापुरुषों, देवी -देवताओं, ऋषि-मुनियों और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति श्रद्धा दूसरा गुलामी की मानसिकता का त्याग तीसरा सेना, अर्धसेना और पुलिस के जवानों के प्रति सम्मान चौथा ख्र सामाजिक एकता और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' पांचवा नागरिक कर्तव्य का पालन। उन्होंने कहा कि पंच प्रण विकसित भारत की आधारशिला बनेंगे और यह देश की 140 करोड़ आबादी की आशाओं के अनुरूप विकास सुनिश्चित करेंगे। सीएम ने युवाओं को अयोध्या भ्रमण कराने का निर्देश भी दिया।

## चित्रकूट में सर्पदंश से दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** जनपद के पहाड़ी थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुई सर्पदंश की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। दोनों मामलों में पहले झाड़फूंक का सहारा लिया गया, जिससे पीड़ितों की हालत और बिगड़ गई और समय पर उपचार न मिलने से जान चली गई। पहली घटना पहाड़ी थाना क्षेत्र के अशोह गांव की है। यहां सुधा नामक 23 वर्षीय युवती को परि. जनों ने खाना बनाते समय सांप के डस लेने की बात कही है। परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय पहले घर पर झाड़फूंक कराते रहे। हालत बिगड़ने पर देर रात जिला अस्पताल चित्रकूट लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना भी पहाड़ी थाना के ही रेहुटा गांव की है। यहां 60 वर्षीय किसान श्यामलाल खेत से लौटने के बाद अचानक बीमार हो गए।

# मूर्ति स्थापना को लेकर मोहम्मदपुर में बवाल, दो पक्षों में भिड़ंत

### एक दर्जन से अधिक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिले के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में सोमवार की सुबह मूत्र्त स्थापना को लेकर दो पक्षों में शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया।

लाठी-डंडों से हुई इस झड़प में दोनों ओर से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया, लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद हालात काबू में आ गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जगदीशपुर ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। गूलर का पेड़ बना विवाद की जड़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र यादव ने बताया कि गांव के एक मंदिर में मूत्र्त के पास एक गूलर का पेड़ था। मूत्र्त स्थापना की प्रक्रिया के दौरान पेड़ को काटने का मुद्दा उठा। एक पक्ष ने पेड़ हटाने पर जोर दिया, जबकि दूसरा पक्ष इसके विरोध में था। इसी बात को लेकर दोनों ओर से कहासुनी शुरू हुई और विवाद अचानक मारपीट में बदल गया।

### कौन-कौन घायल हुए

**इस घटना** में पहले पक्ष से अमित सरोज (20), गया बक्स सिंह (40), तेज बहादुर सिंह (73), अनीत सिंह (30), मंगल सरोज (60) घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष से जगप्रसाद यादव (60), दिनेश यादव (40), दुर्गेश यादव (35), धर्मेंद्र यादव (26), यशवंत यादव (20), श्रावण यादव (21) और समीर यादव (26) को चोटें आईं। सभी को सीएचसी जगदीशपुर में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही जगदीशपुर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और किसी तरह दोनों पक्षों को शांत कराया। इंस्पेक्टर धीरेन्द्र यादव ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और शांति भंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे को दोषी ठहराते नजर आए। घायलों के परिजन सीएचसी में देर रात तक इलाज के लिए परेशान दिखे। घायल तेज बहादुर सिंह के बेटे ने आरोप लगाया कि बिना वजह मारपीट की गई, जबकि दूसरे पक्ष के परिजन इसे अपनी मजबूरी बता रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस नहीं पहुंचती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

### सामुदायिक सौहार्द पर असर

**स्थानीय** लोगों के मुताबिक, मोहम्मदपुर गांव में पहले कभी इस तरह का विवाद नहीं हुआ था। गांव के बुजुर्गों ने कहा कि धाल्मक स्थल पर पेड़ काटने का मुद्दा साम. ुदायिक सौहार्द पर असर डाल सकता है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द दोनों पक्षों को आपसी समझौते के जरिए शांत कराया जाए।

### प्रशासन की सतर्कता

पुलिस ने घटना के बाद गांव में गश्त बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी पक्ष को माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। स्वास्थ्य विभाग ने भी कहा है कि सभी घायलों का उचित इलाज किया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जाएगा। मूर्ति स्थापना के साथ जुड़े इस विवाद ने गांव में तनाव जरूर पैदा कर दिया है, लेकिन पुलिस की तत्परता से हालात बिगड़ने से बच गया।

# भाजपा सरकार में अपराध बढ़ने से प्रदेश में चिंता का माहौल: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बेटियों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के महिला सुरक्षा के सभी दावे झूठे हैं। प्रदेश में हर दिन बेटियों और महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हो रहे हैं और अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं है। अखिलेश यादव ने बताया कि मैनपुरी में शनिवार को 11वीं की छात्रा की गला घोट कर हत्या कर दी गई।



उसी दिन अम्बेडकरनगर के मालीपुर थाना क्षेत्र में दलित छात्रा का शव खेत में मिला। संतकबीर नगर में कम्प्यूटर सेंटर में काम करने वाली महिला की हत्या कर लाश नहर में फेंक दी गई, जबकि लखनऊ के चिनहट में महिला से दुष्कर्म की घटना हुई। उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ उदाहरण हैं, असल में प्रदेश में हर दिन इसी तरह की घटनाएं हो रही हैं। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि इसकी महिला सुरक्षा योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने समाजवादी सरकार द्वारा शुरू की गई 1090 वूमेन पावर लाइन सेवा को बर्बाद कर दिया और एन्टी रोमियो स्क्वाड केवल दिखावा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और सरकार अपराधियों पर नियंत्रण करने के बजाय अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ बदले की भावना से काम कर रही है। अखिलेश यादव ने चेतावनी दी कि प्रदेश में बढ़ती अपराधिक घटनाओं से लोगों में चिंता और डर का माहौल है। उन्होंने कहा कि जनता अब भाजपा सरकार से ऊब चुकी है और 2027 में जनता भाजपा के झूठ और विफलताओं का अंत कर देगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसे वर्तमान सरकार पूरी तरह नजरअंदाज कर रही है।

## आखिर पकड़ा गया खूंखार तेंदुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र में लंबे समय से एक तेंदुआ आतंक का पर्याय बना था। क्षेत्र के तमाम पालतू मवेशियों को तेंदुआ ने अपना शिकार बनाया। हालांकि इस दौरान कई ग्रामीणों ने अपने ऊपर के हमले की शिकायत भी की। यह तेंदुआ खासकर सन्दना थाना क्षेत्र में बसौली गांव के निकट देखा जा रहा था। कई बार इसको बसौली गौशाला में भी देखा गया। गौशाला का वीडियो फुटेज भी वायरल हुआ। डीएफओ नवीन खंडेवाल एक्सपर्ट की निगरानी में बसौली गांव के निकट पिंजरे लगाए थे। इन्हीं पिंजौर में से एक पिंजरे में रविवार की देर रात तेंदुआ आ फंसा। तेंदुए की निगरानी के लिए ट्रैप कैमरा लगाए गए थे। इस वजह से जैसे ही तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ , वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पिंजरे में कैद होते हैं तेंदुआ जोर-जोर से दहाड़ने। उसकी दहाड़ से पूरा का पूरा इलाका गूंज उठा। क्षेत्र के नागरिक भी मौके पर पहुंचने लगे। हालांकि वन विभाग ने ग्रामीणों को समझाकर वापस घर भेजा। इसके बाद तेंदुआ को विशेषज्ञयो की निगरानी में रखा गया।

# लखनऊ के गुडंबा थाने की चर्चित चेन स्नेचिंग वारदात का मुख्य आरोपी संजय यादव मृत पाया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के गुडंबा थाने क्षेत्र में बीते बीस सितम्बर को हुई चल्रचत चेन स्नेचिंग वारदात के मुख्य आरोपी और बख्शी का तालाब थाने के हिस्ट्रीशीटर संजय यादव का शव सीतापुर जनपद के सिधौली इलाके में सड़क किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ है। शव के पास ही उसकी वह बाइक भी मिली है, जो वारदात में प्रयुक्त हुई थी। शव की हालत देखकर पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई है। गौरतलब है कि बीते बीस सितम्बर को गुडंबा के चार नंबर चौराहे पर जिम जा रहे स्कूटी सवार युवक अतुल जैन की गले की चेन बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट ली थी।

जैन ने बदमाशों का पीछा किया तो पीछे बैठे बदमाश ने उनकी स्कूटी पर लात मार दी, जिससे वे अनियंत्रित होकर सड़क पर बीस मीटर तक घिसटते हुए एक पिकअप से जा टकराए। सिर पर गंभीर चोट आने से उनकी मौत हो गई थी।

यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने बदमाशों की पहचान संजय यादव और उसके रिश्तेदार अरविंद वर्मा के रूप में की थी। पुलिस टीमों ने दोनों की तलाश शुरू की और कुछ दिन पूर्व अरविंद को मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया गया, जिसमें उसके पैर में गोली लगी थी, जबकि संजय यादव फरार हो गया था। तभी से उसकी तलाश जारी थी। सोमवार सुबह उसका शव सीतापुर के सिधौली थाना क्षेत्र में एक गांव की सीमा पर झाड़ियों से बरामद किया गया। शव की दशा भयावह थी। पैरों के नाखून उखड़े मिले, शरीर पर चोटों के निशान थे और नाक-मुंह से झाग निकलने की स्थिति पाई गई। इससे स्पष्ट होता है कि उसकी हत्या कहीं और कर शव को यहां फेंका गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के लालपुर बाजार में नाकेबंदी की। यहां पर चेलकग अभियान के दौरान पुलिस ने तंबौर थाना क्षेत्र के आसरा कॉलोनी निवासी राजू कश्यप पुत्र रामकिशोर को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि राजू कश्यप मूल रूप से लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ठठेरी टोला का निवासी है। पुलिस का कहना है कि राजू कश्यप शातिर वाहन चोर है। पुलिस ने उसका कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी राजू कश्यप को न्यायालय में पेश किया है।

# पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की परियोजनाओं में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करें: जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभाग से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे फील्ड स्तर पर जाकर निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करें और गुणवत्ता से कोई समझौता न होने दें।

उन्होंने कहा कि स्वीख्रत परियोजनाओं के कार्य प्रारंभ में विलम्ब पाए जाने पर संबंधित संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में विभाग की समीक्षा करते हुए तीर्थ विकास परिषदों के कार्यों और दीपोत्सव एवं देव दीपावली की तैयारियों की स्थिति जानी। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष भी लगभग 26 लाख दीप जलाने और लेजर शो प्रदर्शन की योजना अंतिम चरण में है और रिकार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने मंत्री परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों के पूर्ण अनुपालन को समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए वाद्ययंत्रों की खरीद और डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मारक ऐशबाग के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि यूपीपीसीएल की 270 परियोजनाओं में से 22 पर कार्य शुरू हो चुका है, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री अमृत अभिजात ने कहा कि जिन जनपदों में निर्माण में समस्या आ रही है, वहां मुख्य विकास अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर कार्य आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बरसात के बाद कार्य की गति तेज होनी चाहिए और भविष्य में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से स्थल पर उपस्थित कर वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से जानकारी ली जाएगी। बैठक में महानिदेशक पर्यटन श्री राजेश कुमार द्वितीय, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, विशेष सचिव संस्ख्रति संजय कुमार सिंह, निदेशक ईको पर्यटन प्रखर मिश्र, अपर निदेशक संस्कृति सृष्टि धवन, आरटीओ मुख्यालय अंजू चौधरी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आत्मनिर्भर भारत केवल नीति नहीं, 140 करोड़ भारतीयों की आस्था और संकल्प: भूपेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत का आह्वान करते हुए इसे केवल नीति नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आस्था और संकल्प बताया।

उन्होंने कहा कि कोविड संकट से लेकर आज तक भारत ने यह साबित किया है कि कठिन परिस्थितियों में भी आत्मनिर्भरता ही राष्ट्र की शक्ति बनती है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि भाजपा ने 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक 'आत्मनिर्भर भारत और घर-घर 'स्वदेशी'' नामक एक राष्ट्रव्यापी 90-दिवसीय अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना और स्वदेशी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ देशवासियों से आ]वान किया है कि जो भी खरीदें, वह भारत में बना हो और 'गर्व से कहो यह स्वदेशी है' का संदेश हर दुकान पर दिखाई दे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वदेशी का विचार नया नहीं है। 1905 में बंगाल विभाजन और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी स्वदेशी आंदोलन आधार बना। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' की सफलता का उदाहरण देते हुए बताया कि खादी की बिक्री यूपीए के समय 31 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर अब 1,70,000 करोड़ रुपये हो गई है। मोबाइल निर्माण 2014 में केवल दो कंपनियों तक सीमित था, जो अब 300 तक पहुंच गई हैं और 99.2 प्रतिशत मोबाइल 'मेड इन इंडिया' हैं। मोबाइल का निर्यात 1,500 करोड़ रुपये से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये हो गया है। खिलौनों के आयात में 52 प्रतिशत की कमी आई और भारत ट्रैक्टर निर्माण में विश्व में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और पिछले चार वर्षों में सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अभियान की रूपरेखा भी साझा की। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा, 1000 से अधिक स्वदेशी मेले लगेंगे और 500 से अधिक आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ और पदयात्राएं निकाली जाएंगी। घर-घर जाकर स्वदेशी स्टीकर लगाना और लोगों से स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का संकल्प पत्र भरवाना भी अभियान का हिस्सा होगा।

## शारदीय नवरात्रि पर सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि में महाअष्टमी और महानवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हाल्रदक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगत की समस्त व्यवस्थाओं को आदिशक्ति भगवती संचालित करती हैं और उनके अनंत रूपों में से नौ रूप नवदुर्गा बनकर चराचर जगत पर अपनी करुणा की वर्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परंपरा के सम्मान का प्रतीक है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, अमेठी का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी कार्यालय में उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्यालय में कार्यरत अधिकांश कर्मचारियों द्वारा न तो आईडी कार्ड धारण किया गया था और न ही अपने-अपने पटल पर नाम पटिका प्रदल्रशत की गई थी।



कार्यरत कुल 06 जिला समन्वयकों में से केवल 02 ही कार्यालय में उपस्थित पाए गए, जबकि चार जिला समन्वयक अनुपस्थित पाए गए। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि अनुपस्थित समन्वयक विद्यालयों के निरीक्षण हेतु क्षेत्र में गए हैं। कार्यालय कक्ष में साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। अभिलेखों का रख-रखाव अव्यवस्थित था।

# यूपी में सड़कें बनी मौत का पर्याय, हरदोई में पांच की जान गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/हरदोई।** उत्तर प्रदेश की सड़कें मानो अब मौत का पर्याय बन गई हैं। पिछले सप्ताह भर से लगातार हो रहे हादसों में जहां एक-एक कर तेरह से चौदह लोगों की जान जा चुकी है और दर्जनों घायल हुए हैं, वहीं सप्ताह के पहले ही दिन हरदोई जिले ने फिर एक भयावह त्रासदी देखी।

सोमवार को सुरसा थाने के पास सुरसा चौराहे पर हुए हादसे ने पांच जिंदगियां एक ही झटके में छीन लीं, जिनमें दो महिलाएं, एक पुरुष और दो मासूम बच्चे शामिल हैं। मृतकों की पहचान संतराम (तीस वर्ष), उसकी पत्नी संगीता, संतराम की बहन मोहिनी, मोहिनी की दो वर्ष की बेटी गौरी और मो. हिनी की ननद का नौ माह का बेटा वासु के रूप में हुई है।

परिवार मोहिनी के बच्चे का मुंडन संस्कार कराकर स्थानीय बाबा मंदिर से लौट रहा था। कुछ लोग ट्रैक्टर पर थे, जबकि संतराम अपनी पत्नी और बहन को मोटरसाइकिल पर लेकर चल रहा था।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने शेरावाली जगदम्बे मैया के दरबार में टेका मत्था

## पूर्व केंद्रीय मंत्री का इन्हौना दुर्गा पूजा कमेटी ने किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** अपने एक दिवसीय दौरे पर इन्हौना अमेठी पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री इसमृति इरानी का इन्हौना पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया तत्पश्चात पूर्व केंद्रीय मंत्री इसमृति इरानी ने इन्हौना चौराहे पर रखी हुई शेरावाली जगदम्बे मैया के दरबार में हाजिरी लगाई जहां उन्होंने पूजन अर्चन वंदन के पश्चात मां का आशीर्वाद लेने के बाद अहोरवा भवानी मंदिर के लिए रवाना हो गई।

गौरतलब हो कि इसमृति इरानी अमेठी में सांसद का चुनाव हारने के बाद दूसरी बार अमेठी दौरे



पर आई हुई थी जो लखनऊ एयरपोर्ट से सीधे बाईकार इन्हौना चौराहे पर पहुंच गई जहां सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया स्वागत के बाद उनका काफिला इन्हौना से अहोरवा भवानी देवी मंदिर पहुंचा जहां पूजा अर्चना के बाद वे कालि. कन भवानी मंदिर अमेठी पहुंची और वहां मां के दरबार में मत्था टेकने के पश्चात पूजा अर्चना किया इस मौके पर उत्तरप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमेठी सुधांशु शुक्ला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, राजेश कुमार अग्रहरि राजेश मशाला, सिंहपुर ब्लाक अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री सुनील कुमार पासी, फतेपुर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, नवीन श्रीवास्तव प्रधान संघ अध्यक्ष सिंहपुर, राम किशोर त्रिवेदी बब्लू भैया, दिनेश सिंह पिंटू, बच्चूलाल यादव भाजपा नेता सराय माधव प्रधान रिंकू सिंह अश्वनी सिंह राजेश कुमार मौर्य, बीरेंद्र कुमार मौर्य सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। दुर्गा पूजा कमेटी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री को भेंट की शेरावाली जगदम्बे मैया की तस्वीर इन्हौना अमेठी में पूर्व केंद्रीय मंत्री इसमृति इरानी ने दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा स्थापित की गई शेरावाली जगदम्बे मैया के दरबार में हाजिरी लगाई तो दुर्गा पूजा कमेटी के पदा. धिकारियों शिरीष कुमार गुप्ता, राम किशोर त्रिवेदी बब्लू भैया, दिनेश कुमार सिंह पिंटू, राजेश कुमार मौर्य बीरेंद्र कुमार मौर्य, सुनील कुमार पासी आदि ने पूर्व केंद्रीय मंत्री का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पापों से मुक्ति को किया कालरात्रि का गुणगान

## भक्तों ने मांगी माता से मनौतियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सातवें नवरात्र पर माता के भक्तों ने मां कालरात्रि की पूजा कर पापों से मुक्ति की कामना की। जबकि दुश्मनों का नाश करने की प्रार्थना भी की गई।

सोमवार को देवी मंडपों में मां दुर्गा के सातवें स्परूप मां कालरात्रि का गुणगान किया गया। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से इनकी आराधना करता है उसे जीवन में किये गये पापों से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा दुश्मनों का नाश भी होता है। यही कारण है कि भक्तों में मां कालरात्रि के प्रति अपार श्रद्धा है। दिन निकलते ही वह देवी मंडपों में पहुंचे तथा पूरी आस्था व श्रद्धा से माता का गुणगान किया। सारा दिन मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। हर कोई माता के चरणों में हाजिरी लगाने को उतावला नजर आ रहा था। जय माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। नगर के अधिकांश मंदिरों में माता के भक्तों ने माता के भजन गाये। इसके अलावा लाउड स्पीकर पर बज रही धार्मिक धुनों से सारा माहौल पूरी तरह भक्मिय हो गया। सभी ने माता को मनाने के लिये उपवास रखे तथा सांय के समय पूजा पाठ कर व्रत खोले। आज अष्टमी पर मां महागौरी का पूजन किया जायेगा, जबकि भक्तों द्वारा कन्याओं को भोग लगाकर पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया जायेगा। अब नवरात्र समापन की तरफ है।

## स्वास्थ्य कैम्प में नेत्र परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। होप हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क कैंप लगाकर मरीजों का चेकअप किया गया। आयुष्मान कार्ड से मुफ्त व आधार कार्ड से 50% की छूट के आधार पर आंखों का ऑपरेशन की सुविधा भी दी गई। तहसील चेक करो शेखुपुर झकड़ी में होप हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य संबंधी कैंप लगाया गया। जिसमें डॉक्टर जोहेब करीम ने हेल्प संबंधित चेकअप किया और मरीजों को फ्री दवाइयां का वितरण भी किया। डॉ अल्तमश ने आंखों का चेकअप किया व मुफ्त ड्रॉप दी। डॉ मोहेब करीम द्वारा दांतों का चेकअप किया गया। और इससे संबंधित दवाइयां मुफ्त वितरण की गई। इस दौरान डॉक्टर जोहेब करीम ने कहा कि मौसम बदल रहा है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। ब्लाक सभागार में सोमवार को 'दीप महिला संकुल स्तरीय संघ समिति महेशरा' की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी एवं खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों ने अपना-अपना प्रस्तुतिकरण दिया। बेस्ट कैडर के रूप मे फिरदौस खातून बैंक सखी एवं अनु समूह सखी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख ने सभी दीदियों से उनके आजीविका कार्य के संबंध में वार्ता की एवं उनके आजीविका कार्य को आगे बढ़ाने के लिए समूह से जुड़कर होने वाले लाभों पर चर्चा की। इस अवसर पर संजीव कुमार तुरेहा, महिला थाना अध्यक्ष प्रिया रानी, खण्ड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने भी अपने विचार प्रकट करके दीदियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर रंजना सैनी ब्लॉक मिशन प्रबंधक व कविता, सुनील कुमार ब्लॉक मिशन प्रबंधक समस्त ग्राम संगठनों के पदाधिकारीगण एवं कार्यकारणी समिति के सदस्य और विभिन्न कैडरों की दीदियां उपस्थित रहीं।

## धनौरा को आदर्श नगर बनाकर रहेंगे



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। सोमवार को नगर पालिका परिषद धनौरा के सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर देखा और सुना गया। कार्यक्रम में नगर के विकास की भावी योजनाओं और प्रदेश को 2047 तक देश का अग्रणी और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। सभा में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा, सभासद राजू वादशाह, गौरव धारीवाल, अफजाल अहमद उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने देखी पुलिस की कार्यप्रणाली



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। नगर के पुरुषोत्तम शरण राममूर्ति सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सोमवार को अपनी शिक्षिकाओं के साथ कोतवाली का भ्रमण किया। यह भ्रमण उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी शमिशन शक्तिश अभियान के तहत आयोजित किया गया था। जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त, सुरक्षित और जागरूक बनाना है। इस मौके पर कोतवाल प्रेमपाल सिंह,अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह व विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य अंकिता शर्मा के साथ शिक्षिकाएं नेहा रस्तौगी,नीतू,आंचल अल्बर्ट, मुक्ता सारस्वत और निशा भी उपस्थित रहीं।

# विधायक ने बाढ़ पीड़ितों को बांटे चैक

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। तहसील में सोमवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी द्वारा बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के तहत किसानों को चेकों का वितरण किया गया। प्रशासन द्वारा एक अनुदान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 52 किसानों को चेक वितरित किये गये । तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने बताया कि गंगा बाढ़ में जिन किसानों की 35 प्रतिशत से अधिक फसल बर्बाद हुई है उन्हें यह राहत राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक 3900 किसानों की फीडिंग (डाटा प्रविष्टि) हो चुकी है। जिसमें 46 गांवों के किसान शामिल हैं। बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के क्रम में, सोमवार को 786 किसानों का पेमेंट सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया है। इससे पहले, शनिवार को भी 286 किसानों के खातों में भुगतान डाला जा चुका है। वितरण कार्यक्रम के दौरान 52 किसानों को चेक वितरित किये गये ।तहसीलदार ने यह भी बताया कि अभी 600 किसानों का रुपया प्रोसेसिंग में है और जल्द ही उनके खाते में जमा कर दिया जायेगा। यह राहत राशि 2,000 रुपये से लेकर 34,000 रुपये तक हो सकती है। जो फसल क्षति के आकलन पर निर्भर करेगी। इस अवसर पर तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, कानूनगो अरविंद शर्मा, तहसीलदार अध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल, अनिल कुमार, दीपक चौधरी, सुरेंद्र, हरवीर, अक्षय मलिक, आरिफ रजा, मुस्तकीम, मयंक अग्रवाल, संजय राणा आदि लोग मौजूद रहे।



**खानपान व नियमित व्यायाम से दूर रहेगी बीमारी: डा. मुशीर**

# भागदौड़ भरी जिंदगी में कमजोर होता दिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के दिल लगातार कमजोर हो रहे हैं। इसके अलावा गलत खानपान भी उनकी सेहत पर गलत प्रभातव डाल रहा है। पहले जहां 60 साल के बाद हार्ट की बीमारी होती थी वहीं अब बच्चों से लेकर युवाओं में यह आम हो गयी है। आये दिन हार्टअटैक से मौत के मामले में समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हो रहे हैं।

इस समय लोगों के पास न तो अच्छा खानपान है और न ही वह व्यायाम पर ध्यान देते हैं जिसका असर सीधे उनकी सेहत पर पड़ रहा है। बच्चों में लगातार फास्ट फूट की आदत बढ़ती जा रही है जो उन्हें मोटापे की बीमारी तो दे ही रही है इसके अलावा उनका दिल भी



कमजोर कर रही है। तीन दिन पूर्व स्कूल से लौटे एक छात्र की घर पहुंचते ही हार्ट से मौत हो गयी थी। इसके अलावा कहीं दौड़ लगाते तो कहीं क्रिकेट खेलते हार्ट के मामले सामने आ रहे हैं। अब तो सबसे ज्यादा युवाओं में यह बीमारी देखने को मिल रही है। हृदय रोग विशेषज्ञ एवं सिटी हॉस्पिटल के स्वामी डा. मुशीर शफात का कहना है कि इस समय तीस प्रतिशत लोगों की मौते हार्ट की वजह से हो रही हैं। उन्होंने बताया कि पहले यह बीमारी 60 साल के ऊपर के लोगों को घेरती थी लेकिन अब तो बच्चों से लेकर बड़ों में इनसे जगह बना ली है। उन्होंने बताया कि यदि हम सेहत के प्रति थोड़ा सा भी ध्यान रखें तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। समय निकालकर प्रतिदिन योगा या हल्का व्यायाम करें। इससे सेहत तो सुधरेगी ही जबकि दिल भी मजबूत होगा। यदि हम सुबह व सांय के समय पैदल वॉक करते हैं तो यह भी सेहत व दिल के लिए काफी फायदेमंद होती है। परन्तु आज देखने को मिल रहा है कि पैसे की चाहत में लोग अपनी सेहत का जरा भी ख्याल नहीं रख रहे।

# जच्चा की मौत पर अस्पताल में हंगामा

## डाक्टर व स्टाफ मौके से फरार, दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रसव के दौरान जच्चा की मौत हो गयी। जिससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाकर शांत किया। डाक्टर व स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी गयी है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

मोहल्ला नल में मोहम्मद अरबाज का परिवार रहता है। अरबाज की पत्नी साबिया गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर रविवार के सुबह परिजनों ने साबिया को मोहल्ला लकड़ा स्थित एक हेल्थ केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। परिजनों के मुताबिक रविवार की रात डॉक्टर व स्टाफ ने ऑपरेशन करने की सलाह दी थी। इसके बाद डॉक्टर व स्टाफ साबिया को ओटी में ले गए और ऑपरेशन कर दिया। इस दौरान साबिया ने एक बेटी को जन्म दिया, लेकिन इसके तुरंत बाद साबिया की मौत हो गई। घटना के बाद डॉक्टर और अस्पताल कर्मचारी बिना कुछ बताए भाग गए। थोड़ी देर बाद परिजनों ने ओटी में जाकर देखा तो साबिया अचौत अवस्था में पड़ी हुई थी। गलत ऑपरेशन के कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद परि. जनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही रज्जाक बाजार चौकी प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। इस दौरान हंगामा कर रहे परिजनों को समझाकर शांत किया। घंटों तक परिजन अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में मृतक साबिया के भाई ने एक हेल्थ केयर हॉस्पिटल के डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ तहरीर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी मिली है कि अस्पताल में कोई भी योग्य डॉक्टर नहीं था। अस्पताल अवैध रूप से चल रहा था

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के टिप्स दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। विकासखंड के ग्राम पेली तगा में सोमवार को दीपक महिला संकुल स्तरीय समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) मनोज कुमार ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सभा का संचालन ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहित संधू ने किया। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि जीवन में तरक्की का रास्ता मेहनत और ईमानदारी से होकर गुजरता है। छोटे-छोटे काम को भी निष्ठा से करना ही आगे बढ़ने का मूलमंत्र है। सभा में सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) मनोज सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहित संधू, सीएलएफ अध्यक्ष कविता, सचिव गजेंद्री, सविता देवी, कुसुम देवी सहित विभिन्न गांवों से आई सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

## कालका मन्दिर पर विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ग्राम शाहपुर कला में स्थित माँ कालका मंदिर पर ग्राम वासियों द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने प्रसाद ग्रहण किया।विधायक खड़गवंशी ने मंदिर में पहुँचकर विधि-विधान से माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्राम वासियों के इस धार्मिक आयोजन की सराहना की और सभी के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन हमारी संस्कृति और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। भंडारे में जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, उझारी मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी, हसनपुर चीनी मिल डायरेक्टर देवकीनंदन पाल, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री संजय राणा, मंडल मंत्री नंदन खड़गवंशी, पूर्व प्रधान कैलाश सिंह समेत गुलाब सिंह, श्यामकरन सिंह, हुकम सिंह, सर्वेश राणा, देव राणा, अर्जुन राणा, राजू राणा, नीरज राणा, राहुल राणा, प्रदीप राणा, बॉबी राणा मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक के हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करो

## एससीएसटी महासभा ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एससीएसटी महासभा ने पूर्व विधायक हरपाल सिंह पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी को कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार न किया गया तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

एससीएसटी संघ के सदस्य सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा प्रदर्शन कर ज्ञापन सोंपा। उन्होंने मांग करते कहा कि गजरौला पालिका बोड्र की बैठक में पूर्व विधायक व चेयरमैन पति हरपाल सिंह पर जानलेवा हमला किया गया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। परन्तु पुलिस हमलावरों को गिरफ्तार करने में कोई रूचि नहीं दिखा रही। उन्होने कहा कि यह हमला सोची समझी साजिश थी तथा पूर्व विधायक हरपाल सिंह की गरिमा को ठेंस पहुंचाने के लिए किया गया था। इस पूरी घटना ने दलित समाज को बुरी तरह झकझोर कर रख दिया है। पूर्व विधायक पर किये गये हमले के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह इसके विरोध में उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 17 तक हरपाल सिंह नगर पंचायत के अध्यक्ष रहे। उन्होंने व्यापक विकास एवं स्वच्छता कार्यो में ऐतिहासिक योगदान दिया। वह वर्तमान में नगर स्वच्छता प्रेरक के रूप में काम कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में हरि सिंह मौर्य, हरस्वरूप सिंह, मुनेंद्र मोहन, सत्य प्रकाश, शब्द वाल्मीकि, हीरा सिंह, नौबाहर सिंह, डॉ पृथ्वी सिंह, रामवीर सिंह, विनोद कुमार गौतम, अमरजीत सिंह मनीराम सदस्य जिला पंचायत, मदनपाल सिंह, पवन कुमार, मोहित कुमार, योगेश कुमार, जगबीर सिंह, जयवीर सिंह, जितेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र सिंह राणा, प्रशांत कुमार, प्रशांत होंडापुरिया, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र सिंह मौर्य, राहुल कुमार, योगाचार्य महेश कुमार, करतार सिंह ,दिवेश कुमार सभासद, विजय प्रताप सिंह, बलवीर सिंह, मुकेश कुमार जाटव, वीर सिंह, केपी सिंघानिया, डॉ डी.एस. हर्ष, जयप्रकाश, डॉक्टर अशोक कुमार, प्रीतम सिंह धर्मेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र सिंह मौर्य, राहुल कुमार, योगाचार्य महेश कुमार, दिवेश कुमार सभासद, विजय प्रताप सिंह, बलवीर सिंह, मुकेश कुमार जाटव, वीर सिंह, डॉ डी.एस. हर्ष, जयप्रकाश, प्रीतम सिंह धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते एससीएसटी महासभा के पदाधिकारी।

## महिलाओं को शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। संभल अड्डे स्थित रॉयल पैलेस में नारी शक्ति महिला उत्थान समिति द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहकर महिलाओं को चादर और शॉल भेंटकर नारी शक्ति का सम्मान किया गया। यह पहल महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के प्रति सम्मान दर्शाती है। कार्यक्रम में गंगेश्वरी के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड्कवंशी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें डॉ. मोनिश अहमद (राष्ट्रीय सलाहकार), सुरेंद्र लोहिया (जिला अध्यक्ष, किसान यूनियन), और दिग्विजय भाटी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, किसान यूनियन) शामिल थे। घ्इसके अलावा, कुलदीप पोसवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश बंसल उर्फ कालू, प्रेम सिंह जाटव, सतपाल सिंह गुर्जर, इरफान मंथन वर्मा, सोनू गुर्जर, अक्की कसाना, अशोक भाटी, और समस्त सम्मानित नगरवासी भी इस मौके पर मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर गुर्जर में सोमवार को जमीन के विवाद ने दो पक्षों को आमने-सामने खड़ा कर दिया। दोनों ओर से बढ़ते तनाव और मारपीट की स्थिति को देखते हुए थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चार युवकों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि युवकों में जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद के चलते सोमवार को दोनों पक्षों में कहा. सुनी बढ़ गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल गांव में पहुंची और विवाद कर रहे चार युवकों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान गोविंद पुत्र नथवा, अनिल पुत्र गोविंद, महेंद्र पुत्र गेंदा व धर्मेंद्र पुत्र मदन सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी को शांति भंग में चालान कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस का कहना है कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महिलाओं ने प्रदर्शन करके जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी व अवंतिकानगर में महिलाओं ने पूर्व विधायक हरपाल सिंह के विरूद्ध प्रदर्शन किया, वहीं नगर में विकास न कराने का आरोप भी लगाया। सोमवार को टीचर्स कालोनी में कमलेश, मिथलेश, गीता,मंजू, गुड्डी, वंदना चौधरी, सुनीता चौधरी, राधा गुप्ता, नंदनी वर्मा, रुक्मणि शर्मा, संतोष देवी, सकुंतला देवी, रिंकी चौहान, गीता चौहान, आदि महिलाओ ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार गजरौला पालिका को विकास के लिए भारी बजट भेज रही है। मगर, विकास नहीं हो रहा है। उन्होंने बोर्ड की बैठक में महिला सभासद के साथ अभद्रता की निंदा करते हुए पूर्व विधायक हरपाल सिंह पर आरोप लगाया। इसी तरह मोहल्ला अवंतिका नगर में भी मीना, उषा, संगीता, दयावती, मिथलेश, सर्वेश, पूनम यादव, विनोद, रीता, अंजली, ज्योति व सानिया एकत्र हुए। इन्होंने भी प्रदर्शन किया। वहीं पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने बताया कि इन महिलाओं को बहकाकर मेरे खिलाफ प्रदर्शन करवाए जा रहे हैं। मेरी छवि धूमिल कराई जा रही है।

**पूर्व विधायक के विरुद्ध की नारेबाजी**

# यश मित्तल हत्याकांड में पुराना दोस्त भी निकला शामिल

## सीबीसीआईडी की जांच में सामने आए साक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे इलैक्ट्रोनिक्स के सामान के कारोबारी के पुत्र यश मित्तल की हत्या के मामले में हुई सीबीसीआईडी की जांच में मृतक का एक बेहद खास दोस्त भी शामिल था, हालांकि दादरी पुलिस ने उसे केवल गवाह के रूप में केस में शामिल किया था, लेकिन परि. जनों ने इसकी शिकायत शासन स्तर पर की, जिसके बाद सीबीसीआईडी की जांच हुई और यश मित्तल का करीबी दोस्त भी घटना में शामिल रहा। सोमवार को दादरी पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। बता दें कि नगर के मोहल्ला टीचर्स कालोनी में रेलवे फ्लाई ओवर के नीचे इलैक्ट्रोनिक्स के सामान के कारोबारी प्रदीप मित्तल का 19 वर्षीय पुत्र यश मित्तल दादरी के बेनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए का छात्र था। होस्टल के सी-9 ब्लाक के कमरा नंबर-116 में रहता था। पिछले वर्ष 25 फरवरी 2024 की शाम साढ़े छह बजे यश मित्तल होस्टल से अपने दोस्तों के बुलाने पर बाहर आया था। वहां से वह अपने साथ ले गए और बाद में अपहृत कर छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगने लगे थे। दादरी थाना में पहले अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी लेकिन, बाद में छानबीन की तो दादरी पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर गजरौला के मुहल्ला तिगरिया भूड़ में छापेमारी कर उसके दोस्त रचित नागर को हिरासत में लिया था। उसने बताया था कि यश मित्तल को अन्य दोस्तों के साथ मिलकर पीट-पीटकर हत्या कर दी। मंडी धनौरा मार्ग पर तेवा कंपनी के सामने एक तालाब के आकार जैसे खेत में गड्ढा खोदकर शव उसमें दबा दिया था। इस मामले में पुलिस ने रचित नागर समेत शिवम चौधरी, सुशांत वर्मा, शिवम उर्फ मोंटी, शशिकांत व सुमित को पुलिस ने जेल भेजा था, हालांकि परिजनों ने शासन प्रशासन से इस मामले की जांच कराते हुए हत्या में शामिल आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद सीबीसीआईडी द्वारा प्रकरण की जांच की गई। इंस्पेक्टर हेतेन्द्र सिंह तोमर ने जांच की और सभी साक्ष्य, घटनास्थल का मुआयना आदि समेत अन्य सभी बिंदुओं पर काम किया जिसके बाद यश मित्तल का पुराना दोस्त विनम्र ठाकुर निवासी टीचर्स कॉलोनी भी हत्या में शामिल निकला, उसने ही यश को हॉस्टल से बुलाया था। सोमवार को दादरी पुलिस ने विनम्र ठाकुर का चालान कर दिया है।

**दादरी पुलिस ने किया आरोपी का चालान**

## सक्रिय जीवन शैली से बनाएं दिल मजबूत



**शाह टाइम्स ब्यूरो रजबपुर**। जीएमएस कालेज आफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन शाहनवाज अली ने कहा कि हृदय को दुरस्त रखने के लिए सक्रिय जीवन शैली जरूरी है। विश्व हृदय दिवस पर कालेज में कोई भी धड़कन न छूटे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरमैन शाहनवाज अली ने कहा कि हमें प्रति वर्ष अपने हृदय की जांच करानी चाहिए। क्योंकि हार्टअटैक के मामले बुजुर्गो में ही नहीं बल्कि युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं। निदेशक डा. हरीश कुमार ने कहा कि व्यायाम पर ध्यान दें तथा नशे का त्याग करें। छात्र छात्राओं द्वारा पावर प्वाइंट प्रंटेशन व माडल प्रंजटेशन के माध्यम से हार्टअटैक के लक्षण बताये गये। इस मौके पर मनसवी, राखी, हिमांशी, रूपल, समरीन, नेहा, हीना, सबा, दीपिका, वैष्णवी, हैनरी मैसी, नवनीत सागर, अनीस अहमद मौजूद रहे।

# भाजपा यूपी में बसपा को लड़ाएगी चुनावः उदित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद डा उदित राज ने आगामी नौ अक्टूबर को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की रैली को लेकर उस पर निशाना साधते हुए कहा है कि इंडिया गठबंधन को रोकने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस बार बसपा को प्रदेश में परोक्ष रूप से चुनाव लड़ाने वाली है।

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यकों एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ (डोमा परिसंघ) के राष्ट्रीय चैयरमैन डा उदितराज ने कहा कि भाजपा इस बार बसपा को उत्तर प्रदेश में परोक्ष रूप से लड़ाने वाली है। चुनाव में 50-60 सीट भी यदि बसपा जीतती है तो इंडिया गठबंधन को आसानी से रोका जा सकता है। एक दिन पूर्व लखनऊ में हुए डोमा परिसंघ की बैठक के बारे में सोशल मीडिया के जरिये जानकारी देते हुए डा उदित. राज ने कहा कि नौ अक्टूबर को कांशीराम राम की पुण्यतिथि पर बहुजन समाज पार्टी लखनऊ में बड़ा सम्मेलन करने जा रही है। कांशीराम जी का योगदान महान है, उनकी पुण्यतिथि मनाना हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन उनकी विरासत का लाभ मनुवादी ताकतों को पहुंचाना धोखा है। उन्होंने कहा कि जब वोट चोरी से लोकतंत्र कमजोर किया जा रहा है तो कार्यकर्ताओं को उसके खिलाफ मैदान में उतरना चाहिए। यही कांशीराम को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि बसपा जब-जब सत्ता में आयी अनुसूचित जाति/ जन जातियों के अधिकारों पर कुठाराघात किया। जितना विकास दलितों का कांग्रेस ने किया अगर वही बचा रहता तो अब तक ये और आगे निकल गए होते। उन्होंने कहा कि छह सितम्बर 2011 को मायावती जी की सरकार ने उप्र में अनुसूचित जाति/ जन जाति के लिए बने छात्रावासों में से 30 प्रतिशत



सामान्य वर्ग के लिए आदेश निकाल दिया था। उप्र में करीब 266 हॉस्टल हैं, ज्यादातर कांग्रेस की सरकारों ने बनाए थे। डा उदितराज ने कहा कि मायावती ने मुख्यमंत्री के रूप में 20 मई 2007 को एक सरकारी आदेश जारी किया था जिसमें यह प्रावधान था कि एससी/एसटी एक्ट का उपयोग तभी हो जब सीओ जांच कर केस सही पाएं। साथ ही आरो. पियों की गिरफ्तारी केवल चार्जशीट दायर होने पर हो सकती है। इस तरह से इस एक्ट को कमजोर किया। प्रदेश की भाजपा सरकार को मजदूर विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार इतना मजदूर विरोधी है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय - धर्म सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (19 अगस्त, 2025) के बावजूद इनके हक पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड राज्य में आउटसोर्स कर्मचारियों को तीन साल के लिए 16,000-20,000 रुपये के मासिक मानदेय पर नियुक्त करेगा। इससे सरकार के कुल 93 विभागों में 11 लाख आउटसोर्स कर्मचारी प्रभावित होंगे। जबकि शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार इन्हें 2002 से सारे लाभ के साथ इन्हें नियमित करना था। उन्होंने कहा कि कंपनी अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन के निर्णय का विरोध हम करते हैं। यह कदम संविदा शोषण को वैध बनाने और लाखों श्रमिकों को असुरक्षित, कम वेतन वाली और असुरक्षित परिस्थितियों में धकेलने का एक व्यवस्थित प्रयास है। सुप्रीम कोर्ट ने नियमितीकरण का आदेश दिया और सरकार ने जवाब में नया ठेका निगम बनाया। यह ऐसा ही है जैसे लोकतंत्र को स्थायी नौकरी की जगह सरकार ने उन्हें अस्थायी प्रयोगशाला का ढांचा थमा दिया हो।

# मोदी के नेतृत्व में 'स्वदेशी' अभियान के रूप में चलेगाः शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री और जौनपुर के प्रभारी एक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक दिशा में एक दशक से आगे बढ़ रहा है। जीएसटी में एक बड़ा व्यापक बदलाव आया है जिसमें मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत मिल रही है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वदेशी अभियान के रूप में चलेगा। श्री शर्मा रविवार को जौनपुर जिले के मरियाहू नगर पंचायत क्षेत्र में जीएसटी बचत उत्सव और स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि नवरात्र के प्रथम दिन 22 सितम्बर से पूरे देश में जीएसटी में कमी आने से लोग उत्सव के रूप में मना रहे हैं हर सामान सस्ते दर पर खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब पूरे देश में



जीएसटी केवल दो स्लैब 18 और 5 वर्ष प्रतिशत में ही लेनी होगी इससे पूरे देश के सभी समाज के लोगों को फायदा हो रहा है। नवरात्र के प्रथम दिन पर रोटी कपड़ा और मकान पर अभूतपूर्व राहत प्रधानमंत्री ने दिया है। उन्होंने कहा कि पहले दिन में मारुति कार 30 हजार, हुंडई की 11 हजार, महिंद्रा की 11 हजार कारें बिकी हैं। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी की भी आवाज उठाई है। शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी के लिए आंदोलन किया था, अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वदेशी एक अभियान के रूप में चलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि जीएसटी में कमी होने का फायदा समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है।

# घर में लगी आग, दंपति की जिंदा जल कर मौत

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के ललौली क्षेत्र में सोमवार सुबह शॉर्ट सर्किट से लगी आग से एक मकान खाक हो गया और घर में सो रहे गृहस्वामी और उसकी पत्नी की जल कर मौके पर मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में वेनू गांव निवासी रामबाबू पासवान (45) और उनकी पत्नी तारा देवी (42) घर के भीतर रोज की तरह सो रहे थे जबकि उनके तीन बच्चे घर के बाहर सो रहे थे। आज सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई जिसने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक गांव वाले कुछ समझ पाए पूरा घर जलकर खाक हो गया और उसमें सो रहे दंपति की जल कर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर फायर विकेट के साथ ही पुलिस अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी और शॉर्टसर्किट से हुई मौत और घर जलने में हुए नुकसान का आकलन करने और आर्थिक सहायता के लिए राजस्व की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए लखनऊ में टेंट सिटी का हुआ भूमिपूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में पहली बार भारत स्काउट्स और गाइड्स की डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का भव्य आयोजन आगामी 23 से 29 नवम्बर तक होने जा रहा है।

वृंदावन योजना स्थित डिफेन्स एक्सपो ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस विश्वस्तरीय शिविर का भूमि पूजन सोमवार को मंत्रोच्चार और विधिविधान के साथ हुआ। भूमिपूजन समारोह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री डा. महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। डा.सिंह ने जम्बूरी की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 23 से 29 नवम्बर 2025 तक चलने वाला यह आयोजन भारत के 30,000 और विभिन्न देशों के 2,000 स्काउट्स-गाइड्स, साथ ही 3,000 अधिकारियों-स्टाफ को आकर्षित करेगा। यहां कुल 35,000 प्रतिभागी इकट्ठा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे, जबकि समापन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होने की संभावना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे युवाओं का वैश्विक उत्सव करार देते हुए कहा कि जम्बूरी केवल एक शिविर नहीं, बल्कि भाईचारे, संस्कृति और नेतृत्व का मंच है।

यह आयोजन 1953 में हैदराबाद में पहली राष्ट्रीय जम्बूरी के बाद 18 सफल आयोजनों के बाद उत्तर प्रदेश को 61 वर्षों बाद मिला है, पिछली बार 1964 में प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) में हुआ था। जम्बूरी के लिए डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में एक सप्ताह के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस 'टेंट सिटी' तैयार की जाएगी, जिसमें 3,500 टेंट, 1,600 शौचालय-स्नानागार, 25,000 क्षमता का एरिना, 64 रसोईघर, 100 बिस्तरों का अस्पताल, 15 डिस्पेंसरी, 100 प्रदर्शनी स्टॉल, जम्बूरी मार्केट, ग्लोबल विलेज, एडवेंचर जोन, वाई-फाई जोन और दो दिवसीय ड्रोन शो शामिल होंगे। एयर फोर्स के एयर अग्निवीर प्रदर्शनी, एचएएम रेडियो स्टेशन और आईटी हब भी आकर्षण का केंद्र होंगे।

## एक नजर

### लखनऊ में लेखपाल की टीम पर हमला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में रविवार को एग्री स्टैग क्रॉप सर्वे करने पहुंचे लेखपाल और उनकी टीम पर दबंग ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने सरकारी कागज फाड़ दिए और लेखपाल के भाई को तालाब में डुबोकर हत्या की कोशिश की। विरोध करने पर लेखपाल को भी गंभीर चोटें आईं। भागते समय आरोपियों ने फायरिंग तक कर दी। जिले के रौरापुर गांव निवासी आनंद श्रीवास्तव, जो तहसील सदर लखनऊ में लेखपाल पद पर तैनात हैं, रविवार को अपने भाई सौरभ श्रीवास्तव और सहयोगी विनय कुमार वाजपेयी के साथ ग्राम गजराहार व ग्राम छैला की सीमा पर एग्री स्टैग सर्वे के लिए गए थे। आरोप है कि इसी दौरान छैला गांव के भूरिया, रेहान और फुरखान समेत कई लोगों ने टीम को रोककर अभद्रता शुरू कर दी। लेखपाल आनंद श्रीवास्तव के मुताबिक, जब उन्होंने खुद को सरकारी कर्मचारी बताकर सर्वे कार्य की जानकारी दी तो दबंग और भड़क उठे। उन्होंने न केवल कागज फाड़े, बल्कि भाई को तालाब में डुबोकर मारने का प्रयास किया। भाई को बचाने पहुंचे आनंद को भी बेरहमी से पीटा गया। किसी तरह जान बचाकर टीम वहां से भाग सकी, लेकिन ग्रामीणों ने इस दौरान फायरिंग भी की हमले की सूचना पर पुलिस हरकत में आई। इंस्पेक्टर मड़ियांव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरो. पियों की पहचान की जा रही है। घटना के चलते प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाले एग्री स्टैग सर्वे जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा पहुंची।

### पटाखा बनाने के दौरान विस्फोट, पिता पुत्री की मौत

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के कल्याणपुर क्षेत्र में सोमवार दोपहर पटाखा बनाते समय हुए विस्फोट में पिता और पुत्री की मौत हो गई जबकि बेटा घायल हो गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र के रेवाड़ी निवासी नूर मोहम्मद (50) दीपावली पर्व को लेकर अपने ही घर में पटाखा बना रहा था। इस कार्य में उसकी बेटी तयबा (20) और बेटा शेर भी मदद कर रहे थे। आज दोपहर अचानक नूर मोहम्मद के घर में विस्फोट हुआ। धुएं का गुब्बार थमने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने मौके से तैयबा और नूर मोहम्मद का शव बरामद किया। वहीं बेटे को इलाज के लिए भेजा है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह ने थाना अध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर जांच बैठा दी है। दूसरी और घटना की सूचना पाकर आई जी प्रयागराज रेंज अजय कुमार मिश्रा नगर पहुंचे और घटनाक्रम का जायजा लिया। गौरतलब है कि इसके पूर्व 14 सितम्बर को धाता थाना क्षेत्र में पटाखा बनाने के दौरान विस्फोट हुआ था जिसमें एक की मौत हुई थी और 24 सितम्बर को हुसैनगज थाना क्षेत्र में हुए विस्फोट में एक की मौत हुई थी।

### पुलिस मुठभेड़ में शांतिर बदमाश गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कमालगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार आज सोमवार तड़के रात्रि करीब 1:30 बजे थाना क्षेत्र में अपने दल बल के साथ वाहन चेलकग कर रहे थे।इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कन्नौज जिले के थाना गुरसहायगंज के ग्राम बबरारा का स्थाई व हाल फर्रुखाबाद जिले के थाना मऊ दरवाजा थाना के टिलिया बीबीगंज का निवासी अर्पित शाकय 25000 का इनामी शातिर बदमाश थाना क्षेत्र के भोजपुर मार्ग से गुजरने वाला है। इस दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल से आ रहे बदमाश अर्पिता शाक्य को रोका तो उसने पुलिस पर फायर किया इसके जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाई और जिसमें एक गोली बदमाश के वाए पैर में लगी और वह घायल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक को राजीव कुमार ने बताया कि घायल बदमाश को चिकित्सा उपचार के लिए कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया यहां से रेफर कर फर्रुखाबाद के डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया,यहां उसका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाश बदमाश के पास से एक मोटरसाइकिल 315 बोर का तमंचा कुछ खोखै व जिंदा कारतूस, बरामद किए गये। पकड़े गए बदमाश के ऊपर कन्नौज व फर्रुखाबाद जिलों में गैंगस्टर एक्ट, चोरी, आयुष अधिनियम एवं लड़की भगाने के मुकदमे दर्ज हैं।

# सात नवम्बर तक धारा 163 लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आगामी त्योहारों और प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 लागू कर दी गई है।

अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डा. अजय पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा सं. हता-2023 की धारा 163 के तहत कमिश्नरेट प्रयागराज क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी की है। यह आदेश 27 सितम्बर से सात नवम्बर तक प्रभावी रहेगा। आदेश के अनुसार, सांप्रदायिक, जातिगत या धार्मिक उन्माद फैलाने वाले बयान, पोस्टर पम्पलेट या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करना प्रतिबंधित है। बिना अनुमति पांच से अधिक व्यक्तियों के सार्वजनिक सभा या जुलूस पर रोक रहेगी। सार्वजनिक स्थलों पर शस्त्र, विस्फोटक या किसी भी प्रकार के हथियार लेकर चलना भी प्रतिबंधित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण और पटाखों को लेकर भी कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। निर्धारित डेसीबल से अधिक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग, डीजे, और खतरनाक रसायनों से बने पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। अस्पताल, न्यायालय, धार्मिक स्थलों सहित साइलेंस जोन के 100 मीटर दायरे में पटाखे चलाने और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से पटाखों की बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।परीक्षा व्यवस्था को लेकर भी पाबंदियां लगाई गई हैं। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा अवधि में फोटोकॉपी मशीन, स्कैनर आदि का संचालन नहीं होगा। परीक्षार्थियों को मोबा. इल, स्मार्ट वॉच, ईयरबड जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक स्थलों पर हर्ष फायरिंग, धार्मिक या राजनी. तिक नारेबाजी, जबरन दुकान बंद कराना, नशीले पदार्थों का सेवन, अवैध ड्रोन संचालन और बिना पहचान सत्यापन के होटल/धर्मशाला में ठहरना भी प्रतिबंधित है। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सोते मिले चौकी इंचार्ज, लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डा. कौस्तुभ ने रविवार की रात ड्यूटी के दौरान लापरवाही करने और सोने पर मुफ्तीगंज चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस उपाधीक्षक केराकत अजीत कुमार रजक रविवार की रात में एसपी के निर्देश पर चौकी का निरीक्षण करने पहुंचे थे, जहां मुफ्तीगंज चौकी पर चौकी इंचार्ज मुफ्तीगंज सुनील कुमार रात्रि गश्त न कर चौकी पर आराम करते हुए मिले। सीओ अजीत रजक ने फटकार लगाते हुए इस लापरवाही की जानकारी तत्काल एसपी डा. कौस्तुभ को फोन के जरिये दी। एसपी ने देर रात में ही केराकत थाना क्षेत्र के अंर्तगत मुफ्तीगंज चौकी इंचार्ज सुनील कुमार को कार्य में लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर कर दिया।

हालांकि अभी तक इस चौकी पर किसी नए चौकी इंचार्ज की तैनाती नहीं की गई है। सीओ केरा. कत ने बताया कि रात्रि के निरीक्षण के दौरान मुफ्तीगंज चौकी इंचार्ज सुनील कुमार रात्रि में क्षेत्र में गश्त न कर चौकी पर मौजूद मिले। इस लापरवाही को एसपी को रात्रि में ही अवगत कराया गया।

# तीन युवक सरयू नदी में डूबे, तलाश जारी

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र सोमवार को पूजा के लिए कलश भरने गये तीन युवक सरयू नदी में डूब गये हैं। युवकों की तलाश जारी है। बरहज एसडीएम विपिन द्विवेदी ने यहां 'यूनीवार्ता' को बताया कि क्षेत्र के नरछुआ गांव में मां दुर्गा जी की मूर्ति रखी गई है और आज करीब दस बजे दिन में बरहज के गौरा घाट पर सरयू नदी में जल भरने के दौरान विवेक कुमार(19),रणजीत(16), शेखर (15) और गांगुली(15) गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्होंने बताया वहां मौजूद लोगों ने गांगुली को तो बचा लिया, लेकिन विवेक, रणजीत व शेखर गहरे पानी में डूब गए हैं।

# कैदी की मौत परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश की सीतापुर जिले में निरुद्ध एक कैदी ने सोमवार सुबह अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट के गंभीर आरोप लगाये हैं। जेल अधीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि थाना ताल गांव के ग्राम भाइलावा निवासी उमेश को गांव की एक युवती के शादी का झांसा देकर यौन शोषण एवं छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने 27 सितम्बर को जेल भेजा था। बीती देर रात उसको सांस लेने में तकलीफ एवं गले में छाले होने की बात पर जेल में उपलब्ध डाक्टर द्वारा उसका उपचार किया गया, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर उसे रात में ही उसे जिला अस्पताल में उपचार हेतु भेजा गया।

# रामलीला में रेलवे कर्मचारी निभाते हैं हर पात्र की भूमिका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा।** देश भर में राम लीला का मंचन हो रहा है लेकिन आगरा में एक ऐसी राम लीला का मंचन हो रहा है जिसमें रेलवे के कर्मचारी अभिनय करते हैं।

राम से लेकर रावण तक पुरुष कर्मचारी तो कौशल्या से मंदोदरी तक की रेलवे की महिला कर्मचारी अभिनय कर रही हैं। कैंट स्टेशन के पास बने रेलवे संस्थान मैदान में राम लीला का मंचन किया जा रहा है। रेलवे में पिछले 63 साल से लगातार राम लीला का मंचन हो रहा है। रेलवे के 18 कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें से तीन महिला कर्मचारी भी शामिल हैं हालांकि एक सेवा. निवृत मुस्लिम कर्मचारी निजामुद्दीन राजा जनक का अभिनय निभा रहे हैं। 23 सितम्बर को राम लीला मंचन का शुभारंभ हुआ है और 2 अक्टूबर रावण दहन के बाद राम लीला का समापन हो जाएगा। राम का अभिनय निभा रहे विनोद मौर्य रेलवे बुलकग क्लर्क हैं, उन्होंने बताया कि 14 साल की उम्र से राम लीला में हिस्सा ले रहे हैं।

रेलवे में 2014 में नौकरी लगने के बाद भी राम लीला में हिस्सा लेना नहीं छोड़ा और राम का रोल अभी भी निभा रहे हैं। राजा जनक का अभिनय निभा रहे रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारी निजामुद्दीन से हुई बात चीत में बताया कि मुगल उनके आदर्श नहीं है। जैसे सुभाषचन्द्र बोस, भगत सिंह और महात्मा गांधी आदर्श हैं वैसे ही राम आदर्श हैं। अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए नौकरी के दौरान और सेवानिवृत्त होने के बाद भी 20 साल से राम लीला मंचन में हिस्सा ले रहे हैं। रेलवे के कर्मचारियों के अलावा कुछ अन्य बाहरी कलाकारों शामिल किया जाता है लेकिन मुख्य रूप से रेलवे के कर्मचारी ही अभिनय करते हैं। रेलवे कर्मचारी इस राम लीला का मंचन रात में करते हैं और सुबह अपनी नौकरी का भी फर्ज निभाते हैं। राम लीला के मंचन को लेकर तैयारी एक महीने पहले से की जाती है।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने में दो के खिलाफ मुकदमा

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी वाराणसी में एशिया का पहला अर्बन ट्रांसपोर्ट रोपवे प्रोजेक्ट धीरे-धीरे मूर्त रूप ले रहा है लेकिन इस ऐतिहासिक परियोजना को लेकर सोशल मीडिया पर कई दिनों से भ्रामक जानकारी और अफवाहें फैलाई जा रही थीं।

रविवार रात वाराणसी पुलिस ने इन अफवाहों का खंडन करते हुए दो सोशल मीडिया संचालकों के खिलाफ सिगरा थाने में मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर गोंडोला रोपवे को लेकर गलत प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। अशोक और डा. शीतल के सोशल मीडिया अकाउंट्स से एक वीडियो वायरल किया गया, जिसमें दावा किया गया कि करोड़ों रुपए की लागत से बना यह प्रोजेक्ट उद्घाटन के तुरंत बाद टूट गया और गोंडोला गिरने से कई लोगों को चोटें आई।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस वीडियो का वाराणसी या इस प्रोजेक्ट से कोई संबंध नहीं है। वर्तमान में पुलिस ने दोनों सोशल मीडिया अकाउंट्स से जुड़ी जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# संतकबीरनगर में राप्ती नदी में मिले दो शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के में. हदावल थाना क्षेत्र अंतर्गत राप्ती नदी में लगातार शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सोमवार को एक अज्ञात पुरुष व एक महिला का शव बरामद होने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। बरामद शवों की पहचान नहीं हो सकी है।

शव पुराना होने से सड़कर विकृत हो गए हैं। पुलिस शवों की शिनाख्त में जुटी है। इस घटना के एक दिन पहले यानी रविवार को भी एक युवक ने नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जबकि उसी दिन एक बच्चे का शव नदी में उतराता मिला था।

सोमवार फिर दो शव बरामद होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक संदीप मीना ने घटनास्थल का जायजा लिया और पूरे प्रकरण की जानकारी लेते हुए शवों की शिनाख्त कराकर आवश्यक कार्रवाई का निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने यहां बताया कि पुलिस को लोगों से सूचना मिली कि ग्राम बढ़या में राप्ती नदी में दो शव तैर रहे हैं। थानाध्यघटनाक्ष में. हदावल पुलिस बल के साथ पहुंचे तो नदी से एक शव आज सुबह 10:00 बजे तथा दूसरा शव लगभग 10:30 बरामद किया गया। एक डेड बॉडी अज्ञात पुरुष उम्र लगभग 35 वर्ष का है लगभग 4-5 दिन पुरानी लग रही है। दूसरी डेड बॉडी महिला की है जो लगभग 25-30 दिन पुरानी लग रही है और बिल्कुल सघ गई है। दोनों शवों का पंचायतनामा व पीएम की कार्रवाई कराई गई तथा शवों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा को लेकर रहेगी कड़ी सुरक्षा

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में 12 अक्टूबर को प्रान्तीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रारम्भिक परीक्षा दो पालियों में 15 केन्द्रों पर सम्पन्न करायी जायेगी इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबन्ध किए जा रहे है।

पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने सोमवार को बताया कि 12 अक्टूबर को जिले में 15 केन्द्रों पर पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा दो पालियों में करायी जायेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारी तेजी से चल रही है। परीक्षा केन्द्र शिवहर्ष किसान पीजी कालेज, एपीएन पीजी कालेज, बेगम खैर गर्ल्स कालेज सहित सभी 15 केन्द्रों पर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह से सक्रिय रहेंगे। पुलिस के अलावा सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती रहेगी। पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शिता, शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है और इसके लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गयी है।

# विंध्याचल धाम में मोक्ष की कामना के लिए नौ दिन डेरा जमाते हैं साधु संत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिर्जापुर।** अध्यात्म के लिए प्रसिद्ध विंध्याचल धाम में मोक्ष की कामना से साधु संत नौ दिन यहां पाठ अनुष्ठान में लीन रहते हैं। दूसरी ओर वाममार्गियों साधकों के लिए भी विंध्याचल धाम सिद्ध स्थल के लिए भी चर्चित रहा है।देश के विभिन्न क्षेत्रों से तांत्रिक तंत्र साधना के लिए आते हैं।

वाममार्गी साधक सप्तमी को महानिशा में पंच मकार विधि से अपनी तंत्र मंत्र को जगाते हैं। ये पद्धति रोंगटे खड़ा कर देते वाला होता है।महानिशा मां पार्वती का उग्र स्वरूप के लिए पूजा जाता है। विंध्य धाम में तांत्रिकों का जमावड़ा शुरू हो गया है। तंत्र साधक विंध्य पर्वत के गुफा कंदराओं से लेकर गंगा के श्मशान तक अपनी साधना के लिए जुटते हैं। इन स्थानों में अष्टभुजा, कालीखोह, तारामंदिर, काल भैरव, रामगया घाट, भैरव कुंड मोतिया तालाब के जंगल आदि है। यहां तांत्रिक दोनों नवरात्र में सप्तमी महा. निशा में तंत्र साधना के लिए उपस्थित होते हैं। विंध्याचल के बाबू मिश्र बताते हैं कि प्रशिक्षु तांत्रिक नवरात्र के सप्तमी तिथि से साधना शुरू करते हैं। वे बताते हैं कि अन्य सिद्ध तांत्रिक अपनी साधना को जगाते हैं। तंत्र साधक की साधना बड़ी कठिन होती है। कुछ समय पहले पंचमकार पद्धति से करते रहे हैं। जिसमें मद्य, मांस, मैथुन , मुद्रा एवं मीन रहा है। वह कहते हैं कि इस साधना को देखना सब के बस की बात नहीं थी।पर अब इस विधि पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब साधक प्रतिकात्मक नारियल, नींबू, जायफल का प्रयोग करते हैं। इस साधना का अनुष्ठान त्रिकोण पथ के विभिन्न मंदिरों व गुफाओं में होता है। वैसे भी महानिशा में त्रिकोण करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अत्यधिक होती है। सारी रात लोग मां विंध्यवासिनी देवी, मां काली और अष्टभुजा देवी की परिक्रमा करते हैं।इस समय पूरे विंध्य पर्वत अद्भुत दृश्य रहता है।च

# स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत टेबलेट वितरण समारोह का आयोजन

**■ इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में हुआ आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रामपुर में दिनांक 29 सितम्बर 2025 को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टेबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम सदर कुमार गौरव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 250 टेबलेट्स वर्ष 2024 के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कुमार गौरव ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे टेबलेट का इस्तेमाल अपनी पढ़ाई को और आगे बढ़ाने के लिए करें।





उन्होंने कहा कि टेबलेट वितरण प्रदेश सरकार की एक अत्यंत महत्त्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल लर्निंग, ऑनलाइन लर्निंग और तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने इम्पैक्ट कॉलेज द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों की भी सराहना की और कहा कि यह संस्थान विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा और प्रौद्योगिकी से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर कॉलेज एम.डी. सरताज अहमद प्राचार्य प्रो.आसिम अहमद, अमरीश कुमार, सुशील कुमार, शिखा शर्मा, शिवम चंद्र, यासमीन जैदी, नगमा बी, अनुप्रिया वशिष्ठ, डॉ. नजमुल रहमान, डॉ. शाजिया, मोहम्मद आसिफ, मुस्कान, सूरज गंगवार, अनीस अहमद, रूबी आश्रा, सुवेब त्यागी, यासिर अली खान, मोहम्मद आरिफ, विक्की सैनी, डॉ. छाया, खुशबू सिंह, इस्लामुद्दीन, मीनाक्षी शर्मा, आबिद अहमद, आरती राठौर, इकरा जरीफ, रणजीत बीरगैंजा, प्रवेश कुमार, जगप्रीत कौर, महताब अनवर, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रक्शी मिर्जा ने किया। अंत में चेयरमैन डॉ. सुलतान अहमद सैफी ने सभी माननीय अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्र-छात्राओं को टेबलेट मिलने पर बधाई दी।

# सैफनी में बिजली संकट से लोग परेशान, सभासदों ने की अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर पंचायत के निवासियों को लंबे समय से चली आ रही बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वह बेहद परेशान हैं। नगर पंचायत के सभासदों ने इस समस्या को लेकर बिजली विभाग को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने तुरंत समाधान की मांग की है। घ्ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर अक्सर खराब हो जाते हैं। जब भी कोई ट्रांसफार्मर जलता है, तो उसे बदलने या ठीक करने में 24 से 48 घंटे का लंबा समय लगता है। इस कारण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भयंकर गर्मी में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। घ्सभासदों ने मांग की है कि सैफनी में कम से कम दो अतिरिक्त (स्टैंडबाय) ट्रांसफार्मर हमेशा उपलब्ध रखे जाएं, ताकि खराब होने पर तुरंत नया ट्रांसफार्मर लगाया जा सके और बिजली आपूर्ति बहाल हो सके। घ्इसके अलावा, ज्ञापन में मुख्य 33 के.वी. विद्युत लाइन के बार-बार खराब होने की समस्या पर भी ध्यान दिलाया गया है। सभासदों ने इस लाइन के लिए स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने सुझाव दिया है कि या तो इस लाइन को भूमिगत (अंडरग्राउंड) किया जाए या कोई और बेहतर तकनीकी समाधान निक.ाला जाए ताकि बार-बार होने वाली खराबी से निजात मिल सके।



घ्ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में आलम, राजेश कुमार, चंदपाल, हंसराज, शाहिद और अन्य सभासद शामिल हैं। निवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी इस गंभीर समस्या पर जल्द से जल्द ध्यान देगा।

# चेतना सेवा संस्थान की ओर से लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को चेतना सेवा संस्थान प्रिवेंशन डिवीजन द्वारा ग्राम मसवासी जिला रामपुर में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार स्वास्थ्य शि.विर का आयोजन किया गया। जिसमे 105 एच.आई.वी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी,सी व टी.बी 4 एस स्क्रीनिंग, शुगर की जाँच की गयी। जिसमे कोई रिएक्टिव नहीं पाया गया व आवश्यकता अनुसार होम्योपैथिक चिकित्सक ने दवाई का वितरण किया।

शिविर के आयोजन में क्लस्टर प्रिवेंशन अधिकारी संदीप कुमार, ग्राम प्रधान, सी.एच.ओ, आशा, आई.सी.टी.सी काउंसलर व एल.टी एवं प्रिवेंशन डिवीजन रामपुर से परियोजना प्रबंधक अंकित गुलाटी, एम एंड ई फैजान कुरैशी व ओ.आर.डब्ल्यू मोबीन व समद तथा डी.टी.सी रामपुर से एस.टी.एस, जितेंद्र उपस्थित रहे।

# सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में स्वार जोन की क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी मे स्वार जोन की क्षेत्रीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 100 मी. बालिका दौड़ में इल्मा रही प्रथम, लंबी कूद में अंशिका रही प्रथम छात्रों को मेडल पहनकर किया गया सम्मानित।

सोमवार को सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी में स्वार जोन की क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का रंगा.रंग शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य वह अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना के माध्यम से मां भारती का बंदन किया और स्वागत गीत से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के मैदान में कार्यक्रम का शुभारंभ 100 मीटर जूनियर बालिका दौड़ से किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय प्रकाश दीक्षित राजकीय इंटर कॉलेज स्वार के प्रधानाचार्य शिव शंकर सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेमपुर के प्रधानाचार्य वेदपाल सिंह स्वार राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य साधना बिश्नोई राजकीय इंटर कॉलेज रजानगर हरजीत सिंह विनोद कुमार कंचन अग्रवाल आरती शर्मा आदि शामिल रहे।



100 मी. बालिका जूनियर दौड़ में इलमा बी प्रथम स्थान पर रही तथा दूसरी स्थान पर अनु 800 मीटर जूनियर दौड़ में करुणा प्रथम और राधिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

लंबी कूद जूनियर में अंशिका प्रथम तथा दूसरे स्थान पर काजल ने प्राप्त किया गोला फेक सीनियर वर्ग में बालिका में प्रथम इकरा चक्का फेंक जूनियर में प्रथम इल्मा और बुशरा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन में शिशुपाल सिंह, दिनेश सिंह, सूरज सिंह, डॉ. योगेश चंद्र पर्गाई, प्रदीप सिंह, विजय यादव, तुफैल अहमद, विपिन चौहान, धर्मपाल सिंह, सुनील, लक्ष्य प्रकाश, करुणा चौहान, निर्मल कौर, गुरपिंदर कौर, सीमा, दीपा आदि शामिल रहे।

खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया।

# पशु चराने गए अधेड़ की रामगंगा नदी में डूबने से हुई मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर के मोहल्ला खेड़ा में एक दुखद घटना सामने आई है, जहाँ पशु चराने गए 50 वर्षीय अल्लू की रामगंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। उनका शव सोमवार सुबह मधुपुरी के पास नदी से बरामद किया गया। घ्जानकारी के अनुसार, अल्लू रविवार दोपहर अपने पशुओं को चराने के लिए रामगंगा नदी के किनारे गए थे।



देर शाम जब उनके पशु बिना उनके वापस घर लौट आए, तो परिवार चिंतित हो गया। परिवार और स्थानीय लोगों ने तुरंत अल्लू की तलाश शुरू की। पूरी रात खोजने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। घ्इस दुखद घटना की सूचना मिलने पर नगर चेयरमैन फैजान खान मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। थाना अध्यक्ष अजय मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया गया। घंटों की मशक्कत के बाद, सोमवार सुबह लगभग 4 बजे मधुपुरी के पास रामग.ंगा नदी से अल्लू का शव बरामद किया गया। शव मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को दफनाने की अनुमति दे दी। इस घटना से पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है। पड़ोस के लोग अल्लू के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

# विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष पर गोष्ठी का आयोजन

**■ लक्षण बचाव एवं उपचार के बारे में जागरूक किया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह के दिशा निर्देशन में जिला चिकित्सालय में विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी सी सक्सेना द्वारा की गई। गोष्ठी में जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा विश्व हृदय दिवस के इतिहास एवं आयोजन के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. हसीब द्वारा हृदय रोग के लक्षण बचाव एवं उपचार के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने खाने में बदलाव, फिजिकल एक्सरसाइज एवं तनाव मुक्त रहने के उपाय के बारे में जानकारी दी और सभी को शराब एवं तंबाकू उत्पादन से दूर रहने की शपथ दिलाई।



विश्व हृदय दिवस के विशेष अवसर पर आज जिला चिकित्सालय में डॉक्टर हसीब द्वारा हृदय रोग संबंधी 56 मरीज का उपचार किया गया, 32 मरीजों की ईसीजी जांच करायी गयी और 70 मरीजों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के चिकित्सा फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गांधी जयन्ती पर होगी सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग की सद्भावना दौड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में 02 अक्टूबर, 2025 को गाँधी जयन्ती के अवसर पर 05/03 किलोमीटर ओपेन पुरुष/महिला वर्ग क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन प्रातः 06:00 बजे गॉधी समाधि से पुरूष वर्ग में 05 किलोमीटर की दौड़ प्रारम्भ होकर स्वार रोड से मोरी गेट तक जाकर पुनः स्वार रोड से वापस होते हुए गांधी समाधि पर समाप्त होगी।

महिला वर्ग में 03 किलोमीटर दौड़ प्रातः 06:00 बजे गॉधी समाधि से दौड़ प्रारम्भ होकर स्वार रोड से फिजीकल कालेज चौराहे से पुनः स्वार रोड से वापस होते हुए गाँधी समाधि पर दौड़ समाप्त होगी।

उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त खिलाड़ियों एवं स्कूल/कालेज के प्रधानाचार्य अपने-अपने स्कूल/कालेज के छात्र-छात्राओं को रेस में प्रतिभाग करने हेतु दौड़ से 30 मिनट पहले भेजें ताकि प्रतिभागी अपना नामांकन करा कर चेष्ट नम्बर प्राप्त कर सके।

प्रतियोगिता के दोनों वर्ग के खिलाड़ियों को खेल विभाग की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतिभागी खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा।

# मुख्यमंत्री का चेहरा इस्तेमाल करके गलत वीडियो वायरल करने का आरोप

**■ पुलिस ने युवक को चाकू के साथ किया गिरफ्तार, भेजा जेल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से उनके चेहरे का इस्तेमाल करके गलत वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने बिजारखाता के एक युवक को एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से जेल भेज दिया गया है।

सोमवार को बिजारखाता निवासी इरफान पुत्र राहतजान लाला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फोटो गलत ढंग से एडिट करके आपत्तिजनक रूप में वायलिन कर दिया जिसे पुलिस ने छवि खराब करने के रूप में माना और उसके खिलाफ उप निरीक्षक अंकित कुमार ने अधिकारियों को अवगत कराने के बाद उसके खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस एक्टिव हो गई और उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने उसे बिजारखाता क्षेत्र से एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# बसपा जिलाध्यक्ष ने लखनऊ में आयोजित होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए किया जनसंपर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को इरफान अहमद सैफी के प्रतिष्ठान पटवाई पर एक मीटिंग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट निरंकारी ने अपने संबोधन में कहा कि दिनांक 9 सितंबर को मा. काशीराम जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम लखनऊ में है।

जनपद रामपुर से सैकड़ों की तादाद में चार पहिया वाहन जा रहे हैं बसे जा रही है बहुत से लोग ट्रेन से जा रहे हैं। कहां की यह रैली ऐतिहासिक रैली होगी पूरे जिले में नुक्कड़ सभाएं करके रैली में जाने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आगे कहा अब बहुजन समाज पार्टी का समय आ रहा है लोग बहुत तेजी से बहुजन समाज पार्टी से जुड़ रहे हैं आज ही मुस्लिम समाज के कई कद्दावर नेताओं ने समाजवादी पार्टी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी ज्वाइन की। जिसमें मोहम्मद इरफान अहमद सैफी ने समाजवादी पार्टी छोड़कर अपने तमाम साथियों के साथ बसपा ज्वाइन की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट निरंकारी ने कहा अधिक से अधिक संख्या में लोग बहुजन समाज पार्टी से जुड़ रहे हैं हम उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। बहुजन समाज पार्टी हर परिस्थिति में अपने कार्यकर्ता के साथ खड़ी है किसी भी कार्यकर्ता का किसी भी प्रकार से शोषण नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया अधिक से अधिक लोग लखनऊ रैली में पहुंचे।



इस अवसर पर उपस्थित रहे जिले के जिला उपाध्यक्ष इसरार अली एडवोकेट, विधानसभा कोषाध्यक्ष मोहम्मद अहमद, अमर सिंह सागर, विधानसभा प्रभारी सोनू सागर, मोहम्मद अहमद, नाहिद, अख्तर, जहीर अहमद, सुदेश कुमार लोधी, डॉक्टर राधेश्याम लोधी, नाजिम सिद्दीकी, लाइक अहमद, चांद भाई, नसीम, इरफान, जगदीश कुमार, मोहम्मद उमर, शहजादे, अलीम, दानिश, नदीम, अमीर अहमद आदि लोगों ने बसपा के सदस्यता ग्रहण की।

# सांसद मोहिबुल्लाह ने नगर के फारूक को बनाया नगरपालिका टाण्डा का प्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** रविवार की शाम सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने स्थानीय नगर पालिका परिषद के लिए नगर के मोहल्ला भब्बलपुरी निवासी मोहम्मद फारूक को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि हमारी गैर मौजूदगी में मोहम्मद फारूक नगर पालिका से सम्बंधित नगर की जनता की समस्या का समाधान कराएंगे और समाजवादी परिवार को भी बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने मोहम्मद फारूक से कहा कि नगरपालिका में वरिष्ठ सभासद एम सगीर और तस्लीम पहलवान मजबुती से आपका सहयोग करेंगे।

सांसद ने कहा कि टांडा मेरा घर है यहां की आवाम से मुझे बहुत प्यार है।यहां के अनवाम ने चुनाव में मेरा साथ दिया है मैं व हमारी समाजवादी पार्टी उसको तमाम जिंदगी नहीं भूलेगी। मैं भी यहां की आवाम को विश्वास दिलाता हूं कि जब भी मेरी जरूरत पड़े मैं आप के लिए हाजिर हूं।मेरे लिए दिल्ली से टांडा को दूर नहीं है ढाई घंटे का सफर है फौरन हाजिर होऊंगा।



सभासद एम सगीर ने सांसद से अपनी पिछली मांग को दोहराते हुए टांडा के अंदर डिग्री कॉलेज की बात रखी। जिस पर सांसद ने विश्वास दिलाया कि टांडा के अंदर मेरा अहम मुद्दा डिग्री कॉलेज की स्थापना करना है। मैं पूरी कोशिश में लगा हुआ हूं और केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस मुद्दे पर वार्ता कर चुका हूं।

इस अवसर पर सभासद एम सगीर, तस्लीम पहलवान, अशरफ मुनीम, अफजाल अहमद,हाफिज मोहम्मद उमर, सलाहुद्दीन, कारी फहीम, हाफिज इरफान, मोहम्मद शकील, अनीस अहमद, रियासत अली आदि मौजूद रहे।वस के उपलक्ष पर गोष्ठी का आयोजन।

# धान की खरीदारी को लेकर भाकियू का धरना, किसानों और राइस मिलर्स के बीच नोंकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धान खरीद को लेकर किसानों की मांगों और आशंकाओं को लेकर स्थानीय मंडी समिति में धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद मंडी सचिव राधेश्याम मौर्य को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। मंडी सचिव ने राइस मिलर्स को मौके पर बुलाकर किसानों के साथ वार्ता कराई, जिसके बाद कई मुद्दों पर सहमति बनी।इससे पूर्व किसानों और राइस मिलर्स के बीच तीखी नोंकझोंक हुई।

भाकियू कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार दोपहर मंडी समिति पहुंचे और मंडी सचिव के कार्यालय के सामने प्रदर्शन शुरू कर धरने पर बैठ गए। ज्ञापन में कहा गया कि राइस मिलर्स द्वारा धान खरीद में किसानों का उत्पीड़न किया जाता है। पहले 1 क्विंटल धान पर 1 किलो कर्दा काटा जाता था, लेकिन अब 55 किलो पर 1 किलो कर्दा काटा जा रहा है, जिसे पूर्व की तरह 1 क्विंटल पर 1 किलो किया जाए। इसके अलावा, उतराई और तुलाई के नाम पर 5 से 8 रुपये प्रति कट्टा वसूला जाता है, जो गलत है। साथ ही, 1 प्रतिशत सीडी (कमीशन) भी किसानों से लिया जाता है, जिसे बंद करने की मांग की गई। किसानों ने मांग की कि धान की तौल पारदर्शी तरीके से और प्राइवेट मंडियों की तरह हो, ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि तीन दिनों में इन मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी मंडी प्रशासन की होगी। वार्ता के बाद किसानों और राइस मिलर्स के बीच मंडी सचिव की मौजूदगी में समझौता हुआ, जिसके तहत सहमति बनी कि 70 किलो गीले धान पर 1 किलो कर्दा काटा जाएगा।

नगद भुगतान पर 1 प्रतिशत सीडी ली जाएगी, लेकिन 10 दिन बाद भुगतान होने पर कोई सीडी नहीं कटेगी।किसानों को धान उतराई का कोई शुल्क नहीं देना होगा, लेकिन धर्मकांटे का शुल्क देना होगा। मंडी सचिव ने आश्वासन दिया कि शासनादेश के अनुसार, 1 अक्टूबर से धान की सरकारी तौल शुरू होगी और यह पूरी पारदर्शिता के साथ होगी। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सहमति का पालन नहीं हुआ, तो किसान दोबारा आंदोलन को मजबूर होंगे।

इस दौरान एक राइस मिलर्स द्वारा भाकियू की टोपी को लेकर कटाक्ष किया।जिसपर किसानों ने नाराजगी प्रकट करते हुए कार्रवाई की मांग की।बाद में राइस मिलर्स द्वारा माफी मांगने पर मामला रफा दफा कर दिया गया।



इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली, टांडा नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, बलजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष,हैप्पी सिंह,शाकिर अली ब्लॉक अध्यक्ष,जिला सचिव साबिर अली बलजीत सिंह जिला उपाध्यक्ष, शाकिर अली ब्लॉक अध्यक्ष, टांडा वारिस चौधरी युवा तहसील अध्यक्ष टांडा, मोहम्मद रफीक नगर सचिव, अब्दुल अलीम, निशांत सिंह, पूरन सिंह चौहान, मोहम्मद जावेद युवा तहसील अध्यक्ष सदर, जावेद ठेकेदार ग्राम अध्यक्ष, इंतजार ग्राम अध्यक्ष हसीनअली, मोहम्मद महबूब, याकूब, तौकीर, एहसान अली, नजाकत, प्रधान जी इंतजार हुसैन, मसरूफ अली, बुनियाद अली, हसीब अहमद, जसवंत सिंह, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खान, लाला, वारिस चौधरी युवा तहसील अध्यक्ष टांडा, मोहम्मद रफीक नगर सचिव, अब्दुल अलीम, निजामुद्दीन, साकिब, रियासत अली, निशांत सिंह, पूरन सिंह चौहान, मोहम्मद जावेद युवा तहसील अध्यक्ष सदर, जावेद ठेकेदार ग्राम अध्यक्ष, इंतजार ग्राम अध्यक्ष हसीनअली, मोहम्मद महबूब, याकूब, तौकीर, एहसान अली, नजाकत, प्रधान जी इंतजार हुसैन, मसरूफ अली, बुनियाद अली, हसीब अहमद,जसवंत सिंह,बोना ठेकेदार, शाहिद हुसैन, हाजी अब्दुल्लाह, कलुआ आदि मौजूद रहे।

# समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएम श्री योजना के अन्तर्गत आयोजित होंगे कार्यक्रम

**■ विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को उपस्कर एवं उपकरण उपलब्ध कराए जायेंगे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान एवं पीएम श्री योजना के अन्तर्गत समेकित शिक्षा कार्यक्रम में विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को उपस्कर एवं उपकरण उपलब्ध कराने हेतु एलिम्को कानपुर के सहयोग से 02 मेजरमेंट कैम्प आयोजित किए जायेंगे।

उन्होंने बताया कि कैम्प का व्यापक प्रचार-प्रसार खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं स्पेशल एजूकेटर्स द्वारा किया जायेगा।

सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कैम्प की सूचना उपलब्ध करायी जायेगी तथा कैम्प में दिव्यांग बच्चों की शतप्रतिशत प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बताया कि 13 नवम्बर 2025 को विकास खण्ड चमरौआ बीआरसी शंकरपुर में सम्मिलित ब्लाक सैदनगर, शाहबाद, मिलक एवं नगर क्षेत्र एवं 14 नवम्बर 2025 को विकास खण्ड बिलासपुर कम्पोजिट विद्यालय धावनी हसनपुर में सम्मिलित ब्लाक मिलक, सैदनगर एवं स्वार प्रातः 10:00 बजे से कैम्प आयोजित किए जायेंगे।

# ट्रैक्टर-ट्रक भिड़ंत में दो मजदूरों की मौत

## ईंटों से लदी ट्राली के उड़े परखच्चे, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** तेज गति से दौड़ रहे ट्रक ने पीछे से ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उस पर बैठे दो मजदूरों की मौत हो गई। ट्रैक्टर ट्राली के भी परखच्चे उड़ गये। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

थाना सैदनगली क्षेत्र के सम्भल-हसनपुर मार्ग पर सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। उझारी गैस एजेंसी से थोड़ा आगे ढक्का मोड़ के पास, एक तेज रफ्तार ट्रक ने ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घ्टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गये।ट्रैक्टर पर सवार मनोज पुत्र महेंद्र 28 वर्ष तथा ऋषिपाल पुत्र राम प्रसाद 50 वर्ष निवासी मिलक भारतल जनपद संभल की दर्दनाक मौत हो गई।





जबकि ट्रैक्टर चालक धर्मेंद्र एवं उसका साथी सतीश घायल हो गये। घायलों का एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही सैदनगली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। यह लोग संभल में स्थित एक ईंट भट्ठे से ट्रैक्टर ट्राली में ईटे लादकर हसनपुर आ रहे थे। घ्पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। रोते बिलखते परिजन भी सूचना के बाद थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर ट्रक चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। परिजनों ने बताया कि मृतक मनोज अविवाहित था। जबकि मृतक ऋषि पाल पर एक बेटा है। जिसकी शादी हो चुकी है। फिलहाल परिजन शव लेने के लिए पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये हैं। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लिया गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।



उझारी। हादसे के बाद सड़क पर क्षतिग्रस्त वाहन व बिखरी पड़ीं ईंटें।

# क्लास में छात्रा के परिजनों ने शिक्षिका को पीटा

## गंभीर हालत में शिक्षिका हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** परिजनों ने छात्रा की पिटाई का आरोप लगाते शिक्षिका पर लाठी डंडों से हमला बोलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

घटना सोमवार को सीताराम इंटर कॉलेज में हुई। शिक्षिका कमलेश इंटर की छात्राओं को होम साइंस पढ़ा रही थीं, तभी कथित तौर पर एक दर्जन से अधिक हमलावरों ने क्लास में घुसकर उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर कॉलेज स्टाफ और अन्य लोग मौके पर जमा हो गए। हमले का आरोप छात्रा सिमरन के परिजनों पर लगा है। शनिवार को होम साइंस प्रोजेक्ट बनाने को लेकर शिक्षिका ने छात्रा सिमरन की पिटाई कर दी थी। इसी बात को लेकर छात्रा के परिजन आक्रोशित थे। हमले में गंभीर रूप से घायल शिक्षिका कमलेश को पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



हालत नाजुक होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।कॉलेज स्टाफ ने बताया कि हमलावर शिक्षिका को जान से मारने की नीयत से आए थे। प्रधानाचार्य खेमपाल सिंह ने हमलावरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। दूसरी ओर, छात्रा के परिजन भी घायल छात्रा सिमरन और उसके दो भाइयों रोहित और अरविंद को लेकर थाने पहुंचे। उन्होंने भी शिक्षिका के खिलाफ पिटाई का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने तीनों का मेडिकल कराया है। थानाध्यक्ष विकास सेहरावत ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मां बाराही के जयकारों से गूंज उठा मन्दिर

## शिवाला मन्दिर पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर स्थित शिवाला मंदिर के समीप माँ बाराही के प्राचीन मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सोमवार सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई, जो मंदिर परिसर से बाहर तक फैली थी।

घ्तेज और तपती धूप के बावजूद भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने घंटों धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार किया। इस दौरान, मंदिर परिसर और बाहर आस्था का विराट रूप दिखा। कतार में पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं की संख्या अधिक थी। जो श्माँ बाराही के जयकारेश लगाती हुई आगे बढ़ रही थीं। हर चेहरे पर माँ के प्रति अटूट विश्वास और भक्ति का भाव स्पष्ट झलक रहा था। घ्मंदिर के बाहर एक मेला भी लगा था, जहाँ प्रसाद, पूजा सामग्री, चाट-पकौड़ी, जलेबी और खेल-खिलौनों की दुकानों पर भी श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। दुकानदारों ने अच्छी बिक्री की खुशी जाहिर की।

# आग में झुलसी सिपाही की पत्नी ने तोड़ा दम

## पीएम रिपोर्ट आने के बाद बढ़ायी जाएगी हत्या की धारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** आग में झुलसी सिपाही की पत्नी महिला स्वास्थ्य कर्मी ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में हत्या की धाराएं बढ़ायी जायेंगी। पुलिस पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नारंगपुर की थी। यहां रहने वाला देवेंद्र सिंह यूपी पुलिस में सिपाही है, बीते दिनों उसकी तैनाती रामपुर जिले में चल रही थी। बीती 26 अगस्त को वह छुट्टी पर घर आया हुआ था। गांव में बने घर में उसकी पत्नी पारुल चौधरी व दो बच्चों के साथ रहती थी। पारुल स्वास्थ्य विभाग



कर्मी थी। वर्तमान में उसकी तैनाती क्षेत्र के गांव इकौदा स्थित अस्पताल में जीएनएम के पद पर थी। सिपाही देवेंद्र 26 अगस्त की सुबह दोनों बच्चों को स्कूल बस में बैठाने गया था। उसी दौरान उसकी पत्नी पारुल संदिग्ध हालत में आग की



लपटों के बीच घिर गई थी। जिसे बचाने में देवेंद्र के हाथ भी झुलस गए थे। सूचना पर पहुंचे पारुल के उसके मायके वालों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं उनका कहना था ससुराल वालों ने उसका एटीएम भी कब्जे में ले रखा था, पति हर महीने पारुल का वेतन निकाल लेता था। उस पर एक प्लाट बेचने का दबाव भी बनाया जा रहा था। मामले में पारुल के भाई कपिल ने पति देवेंद्र समेत छह लोगों पर जानलेवा हमला व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी सिपाही देवेंद्र व उसके भाई सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तभी से पारुल का उपचार दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा था। सोमवार को घटना के 34वें दिन सुबह करीब छह बजे जहां उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि उपचार के दौराने जीएनएम की मौत हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा तरमीम कर आगे को कार्रवाई की जाएगी। आरोपी जेल में हैं, हाइकोर्ट में भी उनकी जमानत याचिका स्वीकार नहीं हो सकी है।

# मेडिकल स्टोर से मोबाइल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** चोर मेडिकल स्टोर स्वामी का मोबाइल चोरी कर ले गया। घटना सीसीटीवपी कैमरे में कैद हो गयी। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी गयी है। कस्बे में स्थित फैसल मेडिकल स्टोर पर बिजनौर का रहने वाला कासिम काम करता है। सोमवार को वह नींद आने पर स्टोर में ही सो गया तभी एक युवक मेडिकल स्टोर के अंदर घुस आया तथा उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गया। सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी। पुलिस चोर की तलाश में जुट गयी है।



गजरौला। चौपला पर बदमाशों की कार की घेराबंदी करती पुलिस व एसओजी की टीम।

# फिल्मी अंदाज में पुलिस का घेरा तोड़कर भागे कार सवार बदमाश

## फौजी की कार सहित दो बाइकें भी टकराई, लोगों ने दुकानों में घुसकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दिल्ली की तरफ से आ रहे कार सवार बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने नेशनल हाईवे पर जाम लगवा दिया। फिर जाम में फंसी बदमाशों की कार पर डंडे बरसाए गए। खुद को बुरी तरह घिरा देखकर बदमाश फिल्मी अंदाज में पुलिस का घेरा तोड़कर फरार हो गए।इस दौरान बदमाशों की कार टकराने से फौजी की गाड़ी व दो बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। जाम में फंसने के बाद पुलिस ने बदमाशों की कार पर डंडे भी बरसाए हैं। पूरा घटनाक्रम दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

बता दें कि सोमवार को एसओजी की टीम को बदमाशों का इनपुट मिला। ये बदमाश काफी कुख्यात बताए जा रहे हैं। ब्रजघाट से ही पुलिस इन बदमाशों को पकड़ने के लिए जुट गई। बदमाशों को भी पुलिस द्वारा पकड़ने की भनक लग चुकी थी। इसलिए बदमाशों ने पुलिस को गच्चा देने के लिए ब्रजघाट से गजरौला शहर की दूरी के बीच में तीन कार बदल ली। फिर भी पुलिस उनका पीछा करती रही। बदमाशों की दिल्ली नंबर कार जैसे ही चौपला पर पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो यहां पर जाम लगा हुआ था और कार फंस गई। क्योंकि यह जाम पुलिस ने ही लगवाया था इन बदमाशों को पकड़ने के लिए। जाम में फंसी कार में सवार दो बदमाशों को पकड़ने के लिए सादी वर्दी में पुलिस कर्मी डंडे लेकर कार पर पहुंचे। उन्होंने गेट खोलने के लिए कहा मगर, बदमाशों ने गेट नहीं बल्कि भागने का प्रयास करने लगे। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने डंडे से शीशे तोड़कर बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की मगर, शीशे नहीं टूटे। इस घटनाक्रम के बीच बदमाशों ने अपनी कार को बैक किया और फिर फिल्मी अंदाज में लगभग चार-पांच फीट खाली जगह में कार को निकाल कर फरार हो गए। इस दौरान उनकी कार एक फौजी की गाड़ी व दो बाइक से भी टकरा गई। आसपास के लोगों ने भी दुकानों में घुसकर अपनी जान बचाई। इतना प्रयास करने के बाद भी बदमाशों के भागने पर पुलिस टीम हाथ मलती रह गई। यह पूरा घटनाक्रम आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुआ है। इस सम्बंध में सीओ अंजली कटारिया ने बताया कि मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। इस तरह की कोई जानकारी नहीं मिली थी। इसलिए प्रकरण क्या है, इसके बारे में कुछ कह पाना सही नहीं होगा। पता करते हैं कि आखिर क्या मामला है?

**नगर के चौपला पुलिस चौकी के पास की घटना**

## सौ मीटर दौड़ में वैशाली प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छात्राओं ने 100 मीटर दौड़ में प्रतिभा किया। सोमवार को कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में राजकीय हाई स्कूल अल्लीपुर खादर, किसान इंटर कॉलेज ताहरपुर, श्रीमती धनवती देवी इंटर कॉलेज लुहारी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हसनपुर आदि ने बहुत ही उत्साहवर्धक एवं खेल भावना का परिचय देते हुए सहभागिता की। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में कुमारी वैशाली विजेता रही। जब के अलका एवं प्रियांशी उप विजेता रही। 19 वर्ष आयु वर्ग में प्राची प्रथम ज्योति उपजेता घोषित की गई। प्रतियोगिता को श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुकेश बाबू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# ब्लू बर्ड्स स्कूल में राम ने किया रावण का वध

## स्कूल में मनाया गया विजय दशमी महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के प्रतिष्ठित ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा महोत्सव बड़े उत्साह और सांस्कृतिक रंग में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नन्हे-मुन्ने छात्रों ने रामायण की विविध झलकियों को मंचित कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और सुग्रीव की आकर्षक झांकियों से हुई। बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा और संवादों के माध्यम से रामायण का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया। मंचन का चरम बिंदु तब आया जब भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का



दृश्य प्रदर्शित हुआ। युद्ध का समापन भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध से हुआ और तत्पश्चात रावण रूपी पुतले का विधिवत दहन किया गया। जैसे ही रावण का पुतला धधकती आग में राख हुआ, चारों ओर जय श्रीराम के उद्घोष गूंज उठे। बच्चों के उत्साह और दर्शकों की तालियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और सांस्कृतिक गौरव से भर दिया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक श्री राहुल अग्रवाल ने विजयदशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। उन्होंने छात्रों से प्रेरणा लेने की अपील की कि जीवन में साहस, सत्य और नैतिक मूल्यों का पालन ही सच्ची सफलता का मार्ग है। समापन अवसर पर प्रबंधक राहुल अग्रवाल, स्कूल निर्देशिका राखी अग्रवाल और प्रधानाचार्या अंजलि दुबे ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान का तिलक कर पूजन किया।

# पत्नी की हत्या में पति व चार दोस्तों को उम्रकैद

## कोर्ट ने 25-25 का जुर्माना भी ठोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पत्नी की हत्या करने के बाद शव बाग में फेंकने के मामले में अदालत ने पति व उसके चार साथियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। बीते गुरुवार को अदालत ने चारों को दोषी करार दिया था। तारीख पर पेश हुए तीन दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था।

सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी मोहम्मद राशिद ने अपनी बेटी रहनुमा की शादी 24 मार्च 2019 को हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव दोताई के रहने वाले शहजाद उर्फ गुड्डू के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति समेत अन्य ससुराल वाले रहनुमा को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। उस पर मायके से दस लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाया जाता था। 21 जनवरी 2020 को ससुराल वालों ने रहनुमा को मारपीट करके घर से निकाल दिया था। तभी से वह मायके में पिता के साथ रहती थी। उस वक्त रहनुमा गर्भवती थी। 26 जनवरी 2020 को पति शहजाद उर्फ गुड्डू अपने दो अज्ञात साथियों को लेकर उझारी आया था और फैसला कर वह रहनुमा को अपने साथ ले गया था। अगले दिन 27 जनवरी की सुबह 11 बजे थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर के पास एक आम के बाग में रहनुमा की रक्तरंजित लाश मिली थी। उसके सिर पर गहरे घाव का निशान था। शुरुआत में पुलिस और परिजनों ने गोली मारकर हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। जिसके आधार पर विवाहिता के पिता मोहम्मद राशिद ने शहजाद उर्फ गुड्डु व उसके परिजनों के अलावा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रहनुमा की गला दबाकर हत्या की पुष्टि की गई थी। चिकित्सकों ने स्पष्ट किया था कि उसके सिर का घाव गोली का नहीं है बल्कि उसके सरिया घोंपा गया है। सैदनगली पुलिस ने रहनुमा के पति शहजाद उर्फ गुड्डू, ससुर हाजी इकराम, सास शकील, जेठानी शबा उर्फ वाटो,उस्मान, शादाब, सद्दाम, फरमान, लुकमान के खिलाफ हत्या व दहेज हत्या में चार्जशीट अदालत में दाखिल की थी। इससे पहले सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पति शहजाद उर्फ गुड्डू जेल में है उसे जमानत नहीं मिल सकी थी। जबकि उस्मान, शादाब, सद्दाम, हाजी इकराम, शकीला और शबा उर्फ वाटो, फरमान व लुकमान जमानत पर बाहर आ गए थे। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला जज विशेष एससी-एसटी एक्ट की अदालत में विचाराधीन थी। बीते गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने पति शहजाद उर्फ गुड्डू, उस्मान, शादाब और सद्दाम को हत्या के मामले में दोषी करार दिया था जबकि ससुर हाजी इकराम, सास शकीला और जेठानी शबा उर्फ वाटो को दहेज उत्पीड़न में दोषी माना था। सास-ससुर को दो तथा जेठानी को तीन साल जेल की सजा सुनाई थी। तीनों दोषियों पर छह हजार रुपये का अर्थदंड लगाया था। वहीं, अदालत ने फरमान और लुकमान को साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया था। सजा के प्रश्न पर सुनवाई के लिए 29 सितंबर नीयत की थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राकेश मिश्रा ने बताया कि हत्या में दोषी पति शहजाद उर्फ गुड्डू, उस्मान, शादाब और सद्दाम को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है

# आयशा, शिल्पी व मुरशद ने जीती प्रतियोगिता

## जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जीजीआईसी हसनपुर की आयशा, सीनियर वर्ग में झम्मनलाल डिग्री कालेज हसनपुर की शिल्पी सैनी जबकि ओपन वर्ग में हसनपुर के मुरशद अली ने पहला स्थान प्राप्त किया।

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जेएस हिन्दू इंटर कालेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जूनियर वर्ग में जीजीआईसी हसनपुर की आयशा प्रथम, आरके पब्लिक स्कूल के अर्पित यादव ने दूसरा जबकि अलीशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में झम्मनलाल डिग्री कालेज की शिल्पी सैनी ने पहला, राजकीय विद्यालय हसनपुर की सिदरा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। ओपन वर्ग में हसनपुर के मुरशद अली ने बाजी मारी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. गजेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विक. सित भारत बनाने में अपना सहयोग देना चाहिये। अपने शहर को साफ रखने में पूर्ण सहयोग दें तथा इसके लिये दूसरों को भी प्रे. रित करें। प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को गांधी जयंती यानी दो अक्टूबर को कलक्ट्रेट में सम्मानित किया जायेगा।



# कुत्ते ने महिला को किया लहुलूहान

**हसनपुर।** कुत्ते के काटने से महिला लहूलुहान हो गई। महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव ताहरपुर की निवासी एक महिला सोमवार को कुत्ते के हमले का शिकार हो गईं। हरवती नामक यह महिला सोमवार को गांव बावनखेड़ी गई हुई थीं। इसी दौरान वहाँ उन पर एक कुत्ते ने हमला बोल दिया। जिससे वह बुरी तरह से लहूलुहान हो गईं। घटना के बाद घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने महिला की गंभीर चोटों को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। हालांकि चिकित्सकों ने महिला की स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहाँ उनका आगे का इलाज किया जायेगा।

